धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
सुप्रभात
रांची, मंगलवार
04.07.2023
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
* नगर संस्करण । पेज : 12 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 349 | khabarmantra.net



खबर एक नजर में

### सीएम से मिले वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीइओ



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### जगुआर एसपी जैप 9 के कमांडेंट बने

**रांची।** झारखंड जगुआर के एसपी शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल को जैप 9 साहिबगंज कमांडेंट के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित आदेश आईजी मानवाधिकार द्वारा जारी कर दिया गया है। शैलेंद्र वर्णवाल इसके पूर्व दुमका एसपी के पद पर रह चुके हैं।

### एसीबी डीएसपी बनाए गए जरमुंडी डीएसपी

**रांची।** एसीबी रांची में डीएसपी के पद पर पदस्थापित अमोद नारायण सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक दुमका जिले के जरमुंडी डीएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा सोमवार को जारी कर दी गई है। गौरतलब हो कि अमोद नारायण सिंह देवघर के सारठ एसडीपीओ के पद पर तैनात थे। 24 सितंबर 2021 को उनका तबादला करते हुए रांची एसीबी का डीएसपी बनाया गया था।

### निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**मधुपुर उपचुनाव 2021 में आचार संहिता उल्लंघन का**

**रांची।** मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 4 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई अब हाईकोर्ट में 12 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में यह मामला सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवीकार है।

### विधायक ढुल्लू महतो ने याचिका ली वापस

**हाईकोर्ट ने निचली अदालत में निर्दोष होने से संबंधित बिंदुओं को उठाने की दी छूट**

**रांची।** धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में इस केस को वापस लेने का आग्रह किया गया। साथ ही कोर्ट से आग्रह किया गया कि मामले में आरोप गठन के समय निचली अदालत में वे अपने निर्दोष होने से संबंधित बिंदुओं को उठा सकते हैं। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी को याचिका वापस लेने एवं आरोप गठन के समय उनके निर्दोष होने से संबंधित विंदुओ को उठाने की छूट प्रदान की। दरअसल, ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराएं लगायी गयी है।

### टेरर फंडिग : सुदेश केडिया की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना के टेरर फंडिंग से जुड़े मामले के आरोपी एस्के कॉनकास्ट एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक रातू रोड निवासी सुदेश केडिया की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान एनआईए ने कहा कि याचिकाकर्ता एस्के कॉनकास्ट एंड मिनरल्स कंपनी का संचालक है। कंपनी मुख्य रूप से झारखंड में सीसीएल खनन द्वारा संचालित और प्रबंधित कोयला खदानों से अपने संचालन के लिए कोयले की आवश्यकता वाली विभिन्न कंपनियों, बिजली संयंत्रों के लिए परिवाहन सुविधाओं और लॉजिस्टिक समर्थन की व्यवस्था करने में लगा हुआ है। याचिकाकर्ता टीपीसी के साथ बैठक में शामिल होता था। उसने अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए आम्रपाली और मगध कोलियरी में अपने व्यवसाय के लिए कानून को पूरी तरह से बाधित कर निष्पक्ष रूप से बड़े पैमाने पर समाज को खतरे में डालकर टीपीसी, सीसीएल और ग्राम समिति को लेवी का भुगतान किया था। इस मामले में 21 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल गई। जिसमें महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, अजय सिंह और सुदेश केडिया समेत अन्य नाम शामिल है।

### ट्रिपल टेस्ट : डेडिकेटेड कमीशन की अधिसूचना जल्द

**रांची।** झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव में पिछड़ी जाति का आरक्षण कोटा तय करने के लिए राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट करवाने जा रही है। एक डेडिकेटेड कमीशन ओबीसी आरक्षण के लिए सर्वेक्षण और समीक्षा करने के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को देगी। इसी आधार पर ओबीसी आरक्षण की सीमा तय होगी। नगर विकास विभाग के सूत्रों के मुताबिक एक-दो दिन में आयोग की अधिसूचना जारी हो जाएगी। उसके बाद कमीशन सर्वे करेगा। इससे पहले 26 जून को झारखंड कैबिनेट ने नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए एक डेडिकेटेड कमीशन के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। ट्रिपल टेस्ट की वजह से राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव लंबित है। वहीं 30 अप्रैल 2023 को 35 नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो चुका है। वहीं इससे पहले 2020 में 13 निकायों के कार्यकाल खत्म हो चुके हैं। ट्रिपल टेस्ट करने वाला डेडिकेटेड कमीशन स्थानीय निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति एवं प्रभाव की जांच करेगा।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने दिया निर्देश, अगली सुनवाई 20 जुलाई को

# जंगल और सरकारी जमीन खरीद बिक्री मामले में जवाब दाखिल करे केंद्र व राज्य

**प्राइवेट कंपनियां जैसे इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड, वेदांता, जीवीके पावर और कुछ लोगों पर जंगल एवं सरकारी भूमि की खरीद बिक्री और अतिक्रमण का लगा है आरोप**

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को 30 सितंबर 2002 तक जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया था, जबकि राज्य सरकार की ओर से प्रार्थी के पूरक शपथ पत्र पर जवाब नहीं दायर हुआ है। कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर) को जारी नोटिस का तामिला नहीं होने पर कोर्ट ने प्रार्थी को फिर से इन प्राइवेट पार्टियों को फ्रेश नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। प्रार्थी की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की।

बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर आदि) और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है। इसकी जांच कराई जानी चाहिए।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से राज्य के फॉरेस्ट की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक की तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमण-कारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया गया है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अंतर है।

### जेएमएम का आज होगा महाजुटान

**सरकार के काम पर भी होगी चर्चा, प्राथमिक सदस्यों की संख्या 25 लाख से 50 लाख करने का निर्णय**

**रांची।** झामुमो जिला अध्यक्षों एवं सचिवों की बैठक 4 जुलाई को हरमू स्थित सोहराई भवन में होगी. बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पार्टी के मंत्री, सांसद एवं विधायक हिस्सा लेंगे। बैठक में झारखंड के अलावे बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के पदाधिकारी भी हिस्सा लेंगे। बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की जायेगी। आगामी दिनों में होने वाले डुमरी विधानसभा उपचुनाव, लोकसभा चुनाव की रणनीति तथा पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक और उसमें झामुमो की सहभागिता विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल, पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप कितना काम हुआ आदि विषयों पर भी चर्चा होगी। पार्टी ने इस जून से सदस्यता अभियान शुरू किया है। इस बार पार्टी ने 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। सदस्यता अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। फिलहाल पार्टी में प्राथमिक सदस्यों की संख्या करीब 25 लाख है। इस बार इसे दोगुना करना है।

## झामुमो के नेतृत्व में झारखंड में बढ़ रही है परिवारवाद की राजनीति: बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने परिवारवाद की राजनीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन की इस परंपरा को आगे ले जाने के लिए आलोचना भी की है। सोमवार को प्रेस.विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि कभी-कभी वे सोचते हैं कि परिवारवादी दलों ने अपने योग्य, अनुभवी और संघर्षशील नेताओं को आगे किया होता तो तस्वीर कितनी अलग होती। जैसे यूपी में मुलायम सिंह ने, बिहार में लालू यादव ने और झारखंड में शिबू सोरेन ने अपने किसी दूसरे अनुभवी, जुझारू साथी को गद्दी सौंप दी होती या उन्हें आगे बढ़ा दिया होता तो राज्य का कुछ भला हो गया होता। उन्होंने कहा कि स्टीफन मरांडी, दिवंगत साईमन मरांडी, लोबिन हेम्ब्रम जैसे कई अनुभवी आंदोलनकारी जमीन से जुड़े नेता थे। वे शिबू सोरेन के साथी रहे लेकिन जब गद्दी सौंपने की बात आई तो उन्हें किनारे लगा दिया। और अपने बेटे हेमंत सोरेन को राज्य का नेतृत्व थमा दिया। उन्होंने कहा कि परिवारवादी दल लोकतंत्र पर कलंक हैं, इन्हें मिटाना जरूरी है।

## बेबी देवी ठीक से शपत्र पत्र भी नहीं पढ़ पायीं : भाजपा

**भाजपा ने राजभवन और सीएम से संज्ञान लेने की मांग की**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने कहा है कि बेबी देवी ने मंत्री पद की शपथ पत्र ठीक से नहीं पढ़ पायीं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से संज्ञान लेने का मांग की है। दरअसल, हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल हुई दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी का राजभवन में शपथ पत्र नहीं पढ़ पाने को भाजपा ने मुद्दा बना दिया है। श्री वर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण की संवैधानिक प्रक्रिया में शपथ पत्र को पढ़ना अनिवार्य है। ऐसे में आज जो शपथ दिलाई गई वह यह दर्शाता है कि शपथ की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार और राजभवन इस मामले को लेकर कानूनी विशेषज्ञों की सलाह लेकर उचित फैसला करे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को मंत्री पद की शपथ लेते समय पद एवं गोपनीयता की शपथ लेना बेहद जरूरी होता है।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर के ओएसडी बने चंद्रचूड़ सिंह

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग, गढ़वा में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत चंद्रचुड़ प्रसाद सिंह को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) बनाया गया है। उनकी सेवा वापस लेते हुए मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति की गई है। जल संसाधान विभाग की अधिसूचना से विभाग में सेवा प्राप्त चंद्रचुड़ प्रसाद सिंह प्रभारी सहायक अभियंता को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (मुख्यालय) के रिक्त पर पर पदस्थापित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर का विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसका आदेश पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड से निर्गत कर दिया गया है।

### हजारीबाग मनरेगा घोटाला : हाईकोर्ट ने छह माह में जांच पूरी करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हजारीबाग में मनरेगा योजना के तहत कुआं निर्माण में वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को छह माह में जांच पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा है कि अगर छह माह में मामले की जांच पूरी नहीं होती है, तो राज्य सरकार को जांच की समयावधि बढ़ाने के लिए अदालत में याचिका दाखिल करनी होगी। इसके बाद अदालत ने याचिका को निष्पादित कर दिया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने अभियंता सहित 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसकी जांच जारी है।

### राज्य के 9 जिलों में 10-25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार लिंफेंटिक फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में 10 अगस्त से 25 अगस्त तक झारखंड के 9 फाइलेरिया प्रभावित जिले (हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार, दुमका, गोड्डा, सरायकेला, जामताड़ा और पश्चिमी सिंहभूम) में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इसके तहत वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 9 जिलों के भीबीडी पदाधिकारी, जिला भीबीडी पदाधिकारी, सलाहकार, मलेरिया निरीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में राज्य सरकार की एंटोमोलोजी की परामर्शदात्री सज्ञा सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी समन्वयक डॉ. अभिषेक पॉल ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि अनुज घोष समेत अन्य मौजूद थे।

**प्रशिक्षित कर्मियों के सामने दी जाएगी एमडीए की दवा :** डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि एमडीए कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया रोग की दवा प्रशिक्षित कर्मियों के सामने ही लाभार्थियों को दें। फाइलेरिया का उन्मूलन करना राज्य की प्राथमिकता है। साथ ही समाज के लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा दिया जाना गया।

**राज्य के 54172 लोगों को लिम्फेडिमा :** डॉ. सिंह ने कहा कि अप्रैल 2023 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में लिम्फेडिमा (अंगों में सूजन) के लगभग 54172 मरीज हैं। वहीं हाइड्रोसील के 40561 मरीज हैं. जिनमें से 23443 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है।

# आज से भारी बारिश का अनुमान रांची समेत 17 जिलों में येलो अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में 4 जुलाई से 6 जुलाई के बीच कई स्थानों पर तेज वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिए रांची समेत राज्य के 17 जिलों में वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पाकुड़, साहिबगंज, बोकारो, चतरा, देवघर, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, सिमडेगा और रांची जिले के लिए अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने वज्रपात की चेतावनी वाले जिले के लोगों से मौसम साफ होने तक सजग और सतर्क रहने की सलाह दी है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार साउथ वेस्ट मानसून ने सामान्य से छह दिन पहले यानी 2 जुलाई को ही पूरे देश को कवर कर लिया है, जो हमेशा 08 जुलाई को होता था।

**गोड्डा के पत्थरगामा में सबसे अधिक बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य के अलग अलग इलाके में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सबसे अधिक वर्षा 46.2 मिलीमीटर गोड्डा के पत्थरगामा में रिकॉर्ड किया गया है। अधिकतम तापमान चाईबासा जिले में 38 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान रांची में 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

**अभी तक सामान्य से 42 प्रतिशत कम हुई बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार अभी तक सामान्य से 42 फीसदी कम वर्षा हुई है। 1 जून से 1 जुलाई तक राज्य में 206.5 मिलीमीटर की जगह 119 मिलीमीटर ही वर्षा हुई है। दुमका, गढ़वा, पलामू और सिमडेगा ही ऐसे चार जिले हैं, जहां मानसून में वर्षा सामान्य के करीब हुई है। बाकी के सभी 20 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश हुई है।

## झारखंड की राजनीति में महिलाओं बढ़ रही भागीदारी, विधानसभा में मौजूद है 10 महिला विधायक

# राज्य में अब तक छह महिला विधायक मंत्री पद पर हो चुकी हैं काबिज

कुबेर सिंह

**रांची।** झारखंड राज्य के गठन के बाद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, अबतक छह महिला विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली और अपने दायित्व का निर्वाहन किया। मंत्री पद को सुशोभित करने में अन्नपूर्णा देवी, गीताश्री उरांव, लुईस मरांडी, नीरा यादव, जोबा मांझी और अर्पणा सेन गुप्ता का नाम शामिल है। वर्तमान में अभी सरकार में एकमात्र महिला विधायक जोबा मांझी मंत्री पद को संभाल रहीं हैं।

गौरतलब हो कि 2006 से 2008 में मधु कोड़ा की सरकार में जोबा मांझी और अर्पणा सेन को मंत्री बनाया गया था। रघुवर दास की सरकार में लुइस मरांडी व नीरा यादव भी मंत्री बनी थीं। 2013 में हेमंत सोरेन की सरकार में अन्नपूर्णा देवी और गीताश्री उरांव को मंत्री पद दिया गया था। वर्तमान की बात करें तो सोमवार को राजभवन में दिवंगत जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने भी मंत्री पद की शपथ ली, हालांकि बेबी देवी को अनुकंपा के आधार पर मंत्री पद दिया गया है। होनेवाले उपचुनाव में चुनाव जीत कर आती हैं तो उन्हें विधायकों की श्रेणी में रखा जा सकता है।



**कांग्रेस की चार, बीजेपी व जेएमएम की तीन- तीन महिला विधायक, आजसू की एक**

झारखंड में वर्ष 2019 के विधानसभा में 10 महिलाएं विधायक निर्वाचित हुई। इनमें कांग्रेस से 4, जबकि भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा से 3-3 विधायक हैं। 2014 में 8 महिलाएं विधानसभा पहुंची थीं। हालांकि, 2016 में हुए उपचुनाव में 2 और महिलाएं विधायक चुनी गई थीं। ऐसे में विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या 10 तक पहुंच गई है। भाजपा, कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, झारखंड विकास मोर्चा (वर्तमान में भाजपा में विलय) और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) ने कुल 39 महिलाओं को टिकट दिया था। महागठबंधन में झामुमो ने राज्य की 81 में से 43 सीटों पर चुनाव लड़ा। 6 महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया। इनमें से 3 ने चुनाव जीता। कांग्रेस ने 31 सीटों पर चुनाव लड़ा। 6 महिला प्रत्याशियों को टिकट दिया। इनमें 4 ने जीत दर्ज की। भाजपा ने 79 सीटों पर चुनाव लड़ा। 7 महिलाओं को टिकट दिए, इनमें से 3 ने जीत दर्ज की। वहीं, झाविमो ने 12 सीटों पर महिला प्रत्याशियों को टिकट दिए थे। हालांकि, एक भी महिला प्रत्याशी जीत दर्ज नहीं कर सकी। आजसू ने 53 सीटों पर चुनाव लड़ा था। 9 सीटों पर महिला प्रत्याशियों को उतारा था। राज्य की 81 सीटों पर कुल 127 महिलाएं अलग-अलग पार्टियों और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थीं।

### सदन में है 10 महिला विधायक

10 महिला विधायकों में 4 दूसरी बार और 6 पहली बार विधानसभा पहुंचीं हैं। दूसरी बार विधायक बनने वालों में जोबा मांझी, नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता और सीता सोरेन हैं। वहीं, पहली बार विधानसभा पहुंचने वालों में पुष्पा देवी, अंबा प्रसाद, पूर्णिमा नीरज सिंह, ममता देवी( वर्तमान में पूर्व विधायक के स्थान पर आजसू की सुनीता देवी), दीपिका पांडेय सिंह और सबिता महतो शामिल हैं।

**55 साल की जोबा मांझी सबसे ज्यादा उम्र की महिला विधायक**

बड़कागांव से जीतीं कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद सबसे युवा विधायक हैं। वे 31 साल की हैं। मनोहरपुर से जीतीं झामुमो विधायक जोबा मांझी सबसे ज्यादा उम्र की विधायक हैं। वे 55 साल की हैं। इस बार विधानसभा पहुंचीं महिला विधायकों की औसत उम्र 43 साल है।

**डॉ. नीरा यादव सबसे ज्यादा शिक्षित, 4 विधायक 10वीं तक पढ़ीं :** कोडरमा से भाजपा विधायक डॉ. नीरा यादव पीएचडी हैं। सबसे युवा विधायक अंबा प्रसाद एलएलबी पास हैं। झरिया से विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, रामगढ़ से कांग्रेस विधायक ममता देवी, महगामा से दीपिका पांडेय स्नातक हैं। वहीं, मनोहरपुर से झामुमो विधायक जोबा मांझी, ईचागढ़ से झामुमो विधायक सबिता महतो, निरसा से भाजपा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता और छतरपुर से भाजपा विधायक पुष्पा देवी 10वीं पास हैं।

## पति के अधूरे सपनों को पूरा करेंगी बेबी देवी...

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शपथ ग्रहण समारोह दैनिक खबर मन्त्र से बातचीत में मंत्री बेबी देवी ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और सीएम हेमंत सोरेन का जो भी आदेश होगा, वह उसका पालन करेंगी। वे क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगी और अपने पति स्व जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगी। राज्य के मुखिया ने उन्हें जो नयी जिम्मेवारी दी है उस पर पति की तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगी। अपने पति के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करूंगी। उनके सपनों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी।

**मंत्री व मीडियाकर्मियों को अंदर जाने की अनुमति नहीं थी :** दरअसल मंत्री मिथिलेश ठाकुर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राजभवन पहुंचे थे लेकिन उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर वे लौट गये। उन्होंने कहा कि वे इस समारोह में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राजभवन केंद्र के इशारे पर काम कर रहा है, यह लोकतंत्र पर कुठाराघात है। मंत्रियों को नहीं जाने देना, उसके कार्यकर्ताओं को नहीं जाने देना और मीडियाकर्मियों को भी नहीं जाने देना, यह पूरी तरह से तानाशाही है।



**मंत्री बनने से पहले लिया गुरुजी से आशीर्वाद :** राजभवन पहुंचने से पहले बेबी देवी गुरुजी शिबू सोरेन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद शपथ ग्रहण करने करीब 12.10 में राजभवन पहुंचीं। राजभवन गेट पर मीडियाकर्मियों का अभिवादन करते हुए दरबार हॉल के लिए आगे बढ़ गयीं।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
04.07.2023

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 349 | khabarmantra.net

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात में हृदय गंझु (50) और भोला यादव (35) की मौत हो गयी। जबकि महेश गंझू गंभीर रूप से घायल हो गया।

### 17-18 को बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों की अगली रणनीतिक बैठक 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में होगी। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी।

### पलामू में पूर्व डीएसपी की पुत्री का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड सिंचाई विभाग के सामने तालाब से रविवार को युवती का शव बरामद हुआ। तालाब से 500 मीटर की दूरी पर बारालोटा चैंपियन चौक में युवती अपने भाई के साथ किराये के मकान में रहती थी। उसकी पहचान पूर्व डीएसपी स्व भिखारी राम की पुत्री कंचन कुमारी (45) के रूप में हुई है।

### राहुल गांधी की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**रांची।** रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को हाजिर होने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी। राहुल गांधी का मामला मंगलवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में सूचीबद्ध किया गया है।

### अमोद नारायण सिंह बने जरमुंडी के डीएसपी

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची में डीएसपी के पद पर पदस्थापित अमोद नारायण सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक दुमका जिले के जरमुंडी के डीएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### धारदार हथियार से पति-पत्नी की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम।** कराईकेला थाना क्षेत्र में अपराधियों ने धारदार हथियार से पति-पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। डायन और जमीन विवाद में हत्या की आशंका है। पुलिस जांच में जुट गयी है।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी की शराब नीति-2021-22 (जो बाद में रद्द कर दी गयी थी) में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं अन्य की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**नयी दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने मणिपुर की हिंसा पर पीएम नरेंद्र मोदी की खामोशी के विरोध में आज यहां प्रदर्शन किया और राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

### मणिपुर के ताजा हालात का विवरण देने का निर्देश

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय हिंसा के मामले में राज्य सरकार को हालात का ताजा विवरण प्रस्तुत करने को कहा। वह इस मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई को करेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

# मंत्रोच्चार के साथ ऐतिहासिक श्रावणी मेले का शुभारंभ

## शिव भक्तों के स्वागत को बाबानगरी तैयार, मेला का उद्घाटन कर कृषि मंत्री ने की राज्य की सुख-समृद्धि की कामना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजकीय श्रावणी मेला का मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार को शुभारंभ हो गया। मंगलवार से श्रावण मास शुरू हो रहा है। भारत समेत नेपाल और भूटान तक से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए देवघर आते हैं। सोमवार को देवघर और बिहार के बांका जिले की सीमा पर स्थित दुम्मा में झारखंड के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने मेले का उद्घाटन किया।

मेला का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ कराने के लिए 11 वैदिक पुरोहितों ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा की। मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड की खुशहाली की कामना की।

(शेष पेज 11 पर)

### मलमास के कारण दो महीने चलेगा मेला

इस वर्ष मलमास को लेकर दो महीने तक सावन होगा। इस दौरान दो बार 15-15 दिनों के लिए मेले का आयोजन किया गया है। बीच में पड़ने वाले मलमास के महीने में मेला का आयोजन नहीं होगा। इसकी तैयारी जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। सोमवार को गुरु पूर्णिमा होने के कारण मंदिर प्रांगण में भी कांवरियों की भारी भीड़ रही।


पहाड़ी मंदिर में महादेव की दिव्य आरती

## राज्यपाल ने बेबी देवी को दिलायी मंत्री पद की शपथ

# शपथ लेते ही संभाल लिया उत्पाद विभाग का कार्यभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शिक्षा मंत्री रहे स्व. जगरनाथ महतो के निधन के 88वें दिन बाद उनकी पत्नी बेबी देवी ने सोमवार को झारखंड में 11वें मंत्री के रूप में शपथ ली। उन्हें राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेता और मंत्रियों ने हिस्सा लिया। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद मंत्री बेबी देवी महतो को उत्पाद विभाग आवंटित कर दिया गया।

मंत्री बनाये जाने के साथ ही राजभवन से निकलकर बेबी देवी अपने विभागीय सचिव वनय कुमार चौबे और राज्य के निबंधन मंत्री हफिजुल हसन, झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और कांग्रेस विधायक अनूप सिंह तथा अपने बेटे राजू के साथ उत्पाद भवन पहुंची और विभाग में कार्यभार संभाला। शपथग्रहण के पहले उन्होंने मां छिन्न मस्तिका मंदिर जाकर मां के दर्शन किये और आशीर्वाद भी लिया।

(शेष पेज 11 पर)



**मुख्यमंत्री समेत सभी ने दी बधाई :** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राज्यपाल की अनुमति से संविधान की धारा 164 (1) के हवाले से शपथ ग्रहण के लिए वारंट पढ़ा। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितीन मदन कुलकर्णी ने बेबी देवी को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल ने राजभवन स्थित दरबार हॉल में बेबी देवी को झारखंड मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर बेबी देवी महतो ने कहा कि वह अपने स्व पति के अधूरे सपनों को पूरा करेंगी। शपथ ग्रहण से पूर्व उन्होंने गुरुजी शिबू सोरेन का आशीर्वाद भी लिया।

## ग्रिड सब स्टेशन का उद्घाटन कर सीएम बोले, निर्बाध आपूर्ति लक्ष्य

# बिना बिजली नहीं की जा सकती विकास की कल्पना

- बाबानगरी में बिजली संकट अब नहीं
- सरकार विकास कार्यों के प्रति संवेदनशील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि एक-एक उपभोक्ता परिवार तक निर्बाध एवं गुणात्मक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में हमारी सरकार कृतसंकल्प है। निर्बाध बिजली आपूर्ति सरकार का लक्ष्य है, क्योंकि बिना बिजली के राज्य के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसी कड़ी में सोमवार को 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, जरमुंडी एवं संबंधित द्विपथ लीलो संचरण लाइन का ऊर्जान्वयन किया गया। इस ग्रिड सब-स्टेशन का उद्घाटन कर आनलाइन लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि अब दुमका एवं देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्र जैसे बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुंडी, सोनारायथाड़ी आदि में बिजली की समस्या से लोगों को छुटकारा मिलेगा। आने वाले समय में यह ग्रिड सब-स्टेशन अलग-अलग ग्रिडों से भी जुड़ेगा। बिजली की महत्ता से आज कोई भी अपरिचित नहीं है।

### संथाल में अब नहीं होगा बिजली संकट : मुख्यमंत्री



सीएम ने कहा कि दुमका एवं देवघर जिला में बिजली की जो कमी आ रही थी, अब वहां निर्बाध बिजली सप्लाई हो सकेगी। 80 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने से इन क्षेत्रों के लाखों लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। कहा कि देवघर एवं दुमका जिले में बाबा बासुकीनाथ एवं श्रावणी मेला के शुभारंभ के साथ इस महत्वपूर्ण समय में यहां पावर ग्रिड सब-स्टेशन का भी शुभारंभ हो रहा है। यह ग्रिड सब-स्टेशन आज से यहां की जनता की सेवा के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि बिजली ग्रिड सब-स्टेशन, मकान के पिलर की तरह होता है। ग्रिड सब-स्टेशन बनने से बिजली सप्लाई में आ रही रुकावटें और लो वोल्टेज की समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

**100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही सरकार :** श्री सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार बेहतर बिजली आपूर्ति के साथ वैसे उपभोक्ता परिवार जिनकी मासिक खपत 100 यूनिट से कम है उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार जनकल्याण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। बिजली बिल बकायेदार परिवारों को किस्तों में बिल चुकाने का भी प्रावधान राज्य सरकार ने किया है। उन्होंने समारोह स्थल पर उपस्थित लोगों से अपील की है कि बेहतर एवं गुणात्मक बिजली सेवा बहाल करने में जनभागीदारी निभायें।

**प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है राज्य सरकार :** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि दुमका एवं देवघर जिला के लिए आज विशेष दिन है। आज इस परियोजना का शुभारंभ राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक काम किया जा रहा है।

## लैंड फार जॉब घोटाले में लालू परिवार की बढ़ी मुश्किलें

# सीबीआइ ने तेजस्वी यादव के खिलाफ चार्जशीट दायर की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, पटना।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कंपनियों समेत कई अन्य लोगों के नाम आरोपी के तौर पर शामिल हैं। लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही सीबीआइ चार्जशीट दायर कर चुकी है। दरअसल, सीबीआई की ओर से कोर्ट में कहा गया था कि वह कोर्ट की छुट्टी के बाद अपना पूरक आरोप पत्र दाखिल करेगी, जिसके बाद कोर्ट की ओर से कहा गया कि इस मामले में अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। अदालत ने सीबीआई से कहा था कि एजेंसी की ओर से मामले में लगातार देरी स्वीकार्य नहीं है। इस पर सीबीआई ने जवाब दिया था कि इस मामले में अभी भी जांच चल रही है और उन्हें नए तथ्यों को शामिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए, जसिके बाद सोमवार को सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते जमीन लेकर नौकरी देने के मामले में तेजस्वी यादव पर चार्जशीट दायर किया गया है। इस मामले में लालू यादव और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दायर किया जा चुका था। सीबीआई ने अब तेजस्वी यादव समेत दूसरे लोगों को भी अभियुक्त बनाते हुए चार्जशीट दायर किया है। तेजस्वी यादव पिछले दिनों इस बात की आशंका जाहिर की थी। (शेष पेज 11 पर)

### उसरी नदी की तेज धार में तीन बहे, दो के शव मिले

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित उसरी नदी में सोमवार सुबह तीन युवक बह गये। एक ने तैर कर किसी तरह अपनी जान बचायी पर दो युवकों की मौत हो गयी। हजारीबाग निवासी मनीष कुमार का शव दोपहर बाद मेट्रोस गली स्थित अरगाघाट नदी से बाहर बरामद हुआ। इससे कुछ घंटे पहले ही आनंद का शव भी अरगाघाट नदी के दूसरे छोर से बरामद हुआ था। दोनों युवकों के साथ रहे एक अन्य युवक शंकर ने तैरकर अपनी जान बचायी। रविवार रात हजारीबाग के तीन युवक शंकर, मनीष और आनंद बेंगाबाद से हजारीबाग जा रहे थे। गूगल मैप के सहारे रास्ता खोजते हुए वे नया पुल के समीप पहुंच गये। जहां तीनों को आगे जाने के लिए कोई रास्ता नहीं मिला। तभी नया पुल बनते देख शंकर बाइक से उतरा और नदी में उतर कर पानी की धारा नापने लगा।

# इडी पूछताछ में दिनेश गोप का टालमटोल जवाब

## टेरर फंडिंग मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मोस्ट वांटेड नक्सली और प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो को दिनेश गोप उर्फ कुलदीप यादव उर्फ बड़कू से मनी लाउंड्रिंग के मामले में इडी जेल पहुंची। जेल में दिनेश गोप से लगभग पांच घंटे तक पूछताछ हुई, हालांकि, दिनेश गोप ने फंडिंग के मामले में इडी के द्वारा पूछे गए प्रश्न पर टाल मटोल जवाब दिया।

**एनआइए पड़ी थी पीछे :** एनआइए ने बताया कि गोप अपने सहयोगियों के साथ एक पेट्रोल पंप पर एक बैंक खाते में नोटबंदी के बाद अवैध नोटों को जमा करने में शामिल था। ये नोट लेवी और जबरन वसूली से एकत्र किये जाते थे। इस अवैध धन को बैंकिंग चैनलों और संदिग्ध शेल कंपनियों के माध्यम से करीबी सहयोगियों के नाम पर निवेश किया था। इसमें गोप और उसके परिवार के साथ सहयोगी आरोपी बनाये गये थे। एनआईए ने इस मामले में 14 बैंक खातों और दो कारों के साथ एक करोड़ से अधिक की नकदी और अचल संपत्ति भी कुर्क की थी।

### न्यूक्लियस मॉल जमीन मामले में कोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल को लेकर दाखिल पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि न्यूक्लियस मॉल की जमीन मामले में जांच हो रही है या नहीं, अगर जांच हो रही है तो क्या बात सामने आयी है। कोर्ट ने मामले में सीबीआइ को भी प्रतिवादी बनाया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी के अधिवक्ता को इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया है कि क्या इस मामले का अनुसंधान ईडी कर रही है। कोर्ट को बताया गया कि एक मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से ईडी पूछताछ कर रही है।



**छवि रंजन के बेल पर इडी कोर्ट में दस को सुनवाई :** मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन, व्यवसायी अमित अग्रवाल एवं जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। छवि रंजन की अर्जी पर सुनवाई 10 जुलाई को होगी। अदालत ने अमित अग्रवाल एवं दिलीप घोष की अर्जी पर आगे की सुनवाई के लिए सात जुलाई की तारीख तय की है। जबकि आरोपियों पर सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री समेत अन्य जमीन की फर्जीवाड़े कर अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

# कोडरमा, दुमका में भारी बारिश से रेल सेवा अस्त-व्यस्त

## बासुकीनाथ में पटरी डूबी, कोडरमा में नीलांचल समेत कई ट्रेनें हुईं प्रभावित

**खबर मन्त्र टीम**

**दुमका, कोडरमा।** दुमका और कोडरमा जिले में भारी बारिश का असर रेल परिचालन पर भी पड़ा है। भारी के कारण दुमका के बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन की पटरी पानी में डूब गयी। इससे दुमका-जसीडीह पैसेंजर ट्रेन लगभग 45 मिनट खड़ी रही। पटरी पर से पानी उतरने के बाद ही ट्रेन रवाना हुई। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं गया-कोडरमा रेलखंड के घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन में आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस (12876) रुक गयी। अत्यधिक बारिश और चढ़ाई होने के कारण गाड़ी आगे चल नहीं पा रही थी। इसकी सूचना मिली तो परिचालन सुचारू करने के लिए रेल अधिकारी रेस हुए। नीलांचल एक्सप्रेस के रुक जाने के कारण कुछ ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा करना पड़ा, जबकि डाउन लाइन पर परिचालन तीन घंटे बाधित रहा।

रेल सूत्रों के अनुसार रविवार रात 3:35 बजे हुई भारी बारिश की वजह से आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस गया से रात 2:55 बजे खुलने के बाद घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन के पास पहुंची। यहां काफी बारिश के कारण किलोमीटर 417/12 के पास 3:35 बजे ट्रेन रूक गयी।

(शेष पेज 11 पर)




### 45 मिनट तक खड़ी रही दुमका-जसीडीह पैसेंजर

दुमका जिले में भारी के कारण बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन की पटरी पानी में डूब जाने से दुमका-जसीडीह पैसेंजर ट्रेन लगभग 45 मिनट खड़ी रही। ट्रेन रूकने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। दरअसल, जिले में सुबह से लगातार बारिश हो रही थी। जिसका असर बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन में देखने को मिला। पटरी पर पूरी तरह से पानी से भर गया। इस मामले पर दुमका के स्टेशन प्रबंधक टीपी यादव ने बताया कि दुमका-जसीडीह पैसेंजर ट्रेन दुमका से समय पर खुली थी, लेकिन भारी बारिश की वजह से बासुकीनाथ स्टेशन में पटरी पर पानी जमा हो गया। इस वजह से ट्रेन 45 मिनट तक वहीं खड़ी रही। बाद में जैसे ही पटरी पर पानी कम हुआ, ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

# सुमो ने आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखने की वकालत की

## संसदीय समिति की बैठक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी (सुमो) की अध्यक्षता में सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। बैठक में सुमो ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बनने की स्थिति में पूर्वोत्तर एवं अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखने की वकालत की। वहीं, कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस विवादित मुद्दे पर विचार-विमर्श शुरू करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाया। बैठक में कांग्रेस, द्रमुक सहित ज्यादातर विपक्षी दलों के सदस्यों ने यूसीसी पर जोर दिये जाने को अगले लोकसभा चुनाव से जोड़ा। बैठक में शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि कई देशों में समान नागरिक संहिता है और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों की चिंताओं पर भी ध्यान देने को कहा। कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा और द्रमुक सांसद पी विल्सन ने यूसीसी पर लोगों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाते हुए अलग-अलग लिखित बयान सौंपा। तन्खा और विल्सन ने कहा कि परिवार कानून में सुधार को लेकर 31 अगस्त 2018 के विधि आयोग के परिचर्चा पत्र को देखा है और इसमें यूसीसी को इस स्तर पर न तो जरूरी और न ही वांछनीय बताया गया है।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व डीएसपी की पुत्री का शव पुलिस ने बारालोटा तालाब से किया बरामद

दो दिन से लापता थी युवती, भाई ने गुमशुदगी का सनहा शहर थाना में कराया था दर्ज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड सिंचाई विभाग के सामने बारालोटा स्थित तालाब से पुलिस ने बीती रात्रि को एक युवती का शव बरामद किया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि युवती की पहचान कंचन कुमारी पिता स्व भिखारी राम बिहार राज्य के बक्सर जिला के सोहनी पट्टी निवासी के रूप में की गई है। मृतका के पिता पूर्व में डीएसपी के पद से सेवानिवृत हुए थे। उन्होंने बताया कि मृतका अपने भाई के साथ बारालोटा में ही एक किराये के मकान में रहती थी। जो दो दिन से लापता थी। इस मामले में मृतका के भाई द्वारा लापता होने का सनहा दर्ज कराया गया था। जिसकी तलाश पुलिस भी कर रही थी। उन्होंने बताया कि मौत कैसे हुई इसकी स्पष्ट जानकारी परिजन भी नहीं दे पा रहे हैं। शव को अंत्यपरीक्षण मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है या मृतका के परिजन द्वारा यदि प्राथमिकी दर्ज कराई जाती है तो सभी पहलूओं पर जांच की जायेगी।

### कुशवाहा महासभा ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन




उचित निर्णय नहीं लिया गया तो कुशवाहा समाज चुनाव में करेगा विरोध : अजीत मेहता

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के नगर अध्यक्ष अजीत कुमार मेहता, भोला मेहता, अशोक मेहता, नंदकिशोर मेहता, सुमित कुशवाहा व मधेश्वर महतो ने भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि चुनाव के समय पुष्पा देवी व उनके पति मनोज कुमार द्वारा किये गये वादा को पूरा नहीं कर कुशवाहा समाज को धोखा दिया गया है। कहा कि छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने चुनाव के समय घोषणा किया था कि कुशवाहा समाज से जिला प्रतिनिधि व कुशवाहा बहुल प्रखंड से प्रखंड प्रतिनिधि बनाया जायेगा। इसके अलावे विधायक फंड का 25 प्रतिशत पैसा कुशवाहा बहुल गांव में खर्च करने की बात कही गई थी। लेकिन विधायक का घोषणा झूठा निकला। कुशवाहा बहुल ग्राम व कुशवाहा समाज को इनके द्वारा तरजीह नहीं दिया गया। इस कारण कुशवाहा समाज विधायक के रवैया से आहत हैं। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भी कुशवाहा समाज को छल्ला है। कुशवाहा समाज को कोई लाभ नहीं दिया गया है। कुशवाहा समाज निर्णय लिया है कि आगामी विस चुनाव में कुशवाहा समाज मुद्दे को उठाते हुए विधायक व पूर्व सांसद का विरोध करेगा। कुशवाहा बहुल क्षेत्र में विधायक को विरोध का सामना करना पड़ सकता है। समय रहते कुशवाहा समाज के प्रति उचित निर्णय नहीं लिया गया तो कुशवाहा समाज आगामी विस चुनाव में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा।

### पाटन अंचल में दलाल हावी, सरकार को करायेंगे अवगत : रंजीत



पाटन पलामू। झामूमो के पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा है कि पाटन अंचल में समय पर काम नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि पाटन अंचलाधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों पर लगाम लगायें अन्यथा सरकार को अवगत कराया जायेगा। कहा कि अंचल के कार्यशैली से जनता आहत है। उन्होंने कहा कि पाटन अंचल में बिचौलिये हावी हो रहे हैं। राजस्व उप निरीक्षक अपना अलग कार्यालय घर से चला रहे हैं। जिससे जनता अंचल का चक्कर लगाने को मजबूर है। अगर सीओ द्वारा स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो झामूमो अपना अगला कदम उठायेगी। कहा कि सीओ भी अपनी कार्यशैली में सुधार लायें। अधिनस्थ कर्मचारियों पर सीओ का नियंत्रण नहीं है। अंचल कार्यालय दलालों से घीर चुका है। जनता के समस्या का निदान कराने की जरूरत है।

### सतबरवा में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, धान के फसल किया बर्बाद



सतबरवा पलामू। थाना क्षेत्र के डुबलगंज के समीप सतबरवा के बारी पंचायत के पारघाट टोला में रविवार की रात हाथियों का आतंक देखा गया। इस बार जंगली हाथी धान के फसल तैयार होने से पहले ही गांवों में जमकर उत्पात मचाया और किसान सीताराम महतो के खेत में लगी मक्के की फसल को तहस-नहस कर बर्बाद कर दिया। पीड़ित किसान सीताराम महतो का कहना है कि अगर ऐसे ही हाथियों का आतंक जारी रहा तो हम किसान भूखे ही मर जाएंगे। हमारी रोजी-रोटी खेती पर ही टिकी होती है। इधर किसान पुत्र ब्रह्म कुमार ने बताया कि सोमवार के अहले सुबह तीन चार बजे के करीब हाथियों के झुंड मकई के खड़ी फसल में घुस गया और उसे रौंद दिया। कुत्ते की भोकने की आवाज सुनकर मेरे मां और पिताजी बाहर निकालकर टॉर्च जलाकर देखा तो हाथियों का झुंड फसल को तहस-नहस कर रहा था। हाथियों के द्वारा करीब एक बीघा में मकई के खडी फसल को नष्ट कर दिया है। इधर किसानों ने वन विभाग से आग्रह किया है कि हाथियों के झुंड गांव की तरफ नहीं आये इसे लेकर वन विभाग ठोस कदम उठाए। वहीं खबर मिलते ही बारी पंचायत की मुखिया निरोतमा कुमारी ने प्रभावित किसानों के फसलों का जायजा लिया। उन्होंने तुरंत वन विभाग को घटना की जानकारी दुरभाष दी और मुवावजे की मांग करते हुए कहा कि भविष्य में हाथियों का झुंड गांव की ओर नहीं आए इसकी व्यवस्था वन विभाग करे।

## माननीय बच्चों का अधिकार ना छीने, रेडमा भी हमारे शहर का हिस्सा : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि लोग अपनी राजनीति पावर दिखाने के लिए स्थानीय लोगों की सुविधा और वह भी बच्चों को मिल रहा निगम द्वारा उपहार दादा दादी पार्क से मोहल्ले को वंचित करना चाहते हैं जो दुखद है। प्रथम महापौर ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि पूरे शहर में निगम द्वारा पांच स्थान पर मेरे कार्यकाल में पारित दादा दादी पार्क बनाया जा रहा है जिसमें रांची रोड में बने निगम जोनल कार्यालय के कैंपस में बच्चों को खेलने के लिए मल्टी प्ले स्टेशन वर्ल्ड क्लास पीयू फ्लोरिंग उद्यान गांधी के तर्ज पर लग रहा था ताकि रेडमा रांची रोड की माताएं, बहने अपने बच्चों को लेकर पार्क में कुछ समय बिता सकें। साथ ही बच्चों को खेलने का एक अच्छा संसाधन मिल सके, पर कुछ राजनीतिक ब्रदर्स को रेडमा का विकास रास नहीं आ रहा और संवेदक को काम करने से रुकवा दिया।

संवेदक ने इसकी सूचना नगर आयुक्त को दे दी है तथा स्थान परिवर्तन करने का अनुरोध किया है। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य है लोग जब अपने मुहल्ले का विकास नहीं होने देना चाहते तो शहर का विकास का उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि माननीय विकास को बाधित ना करें। रेडमा भी हमारे शहर का हिस्सा है वहां के बच्चों, माताओं, बहनों, बुजुर्गों के अधिकार को ना छीने वरना इतिहास माफ नहीं करेगा।

## हरिहरगंज : सम्मान समारोह आयोजित कर टॉप 10 छात्रों को पुरस्कृत किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता




**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को समारोह आयोजित कर मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक लाने वाले 10 छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वालों में अक्षय कुमार, शुभम कुमार, पुष्पांजलि कुमारी, पम्मी, कुमारी दीक्षा, हंसप्रिया, रानी, सत्यम राज, मुस्कान कुमारी, रौनक तरन्नुम, अनुप्रिया तथा अंशु शामिल है। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए निष्ठा पूर्वक नियमित रूप से पढ़ाई करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरजमल राम, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, एसएमसी सदस्य, लिपिक सहित बड़ी संख्या में छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

## डीडीसी ने जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

### विकास योजनाओं को समय से पूरा करने का दिया निर्देश

>> बैठक में डीडीसी ने प्रखंडवार लोकोश इंट्री, आधार इंट्री, बीमा योजना, क्रेडिट लिंकेज, मनरेगा के बिरसा हरित ग्राम, फूलों-झानो आशीर्वाद अभियान जैसे कई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सोमवार को डीडीसी सभागार में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में डीडीसी ने प्रखंडवार लोकोश इंट्री, आधार इंट्री, बीमा योजना, क्रेडिट लिंकेज, मनरेगा के बिरसा हरित ग्राम, फूलों-झानो आशीर्वाद अभियान जैसे कई योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने आधार इंट्री,लोकोश एंट्री, वित्तिय समावेशन अंतर्गत बीमा योजना, क्रेडिट लिंकेज के कार्यो को 26 जुलाई तक व अन्य विकासात्मक योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मियों को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद के अलावे जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी जिला प्रबंधक, सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के सभी बीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### नगर आयुक्त ने किया बाजार क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित

मेदिनीनगर। नगर आयुक्त ने मुख्य बाजार में जाम से लोगों को निजात दिलाने को लेकर माल वाहक वाहन क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित किया है। नगर आयुक्त ने पत्र के माध्यम से निर्देश दिया है कि बाजार क्षेत्र में लगने वाले मालवाहक वाहन अब सरकारी बस डिपू के पिछले हिस्से में ठहराव किया जायेगा। मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा वाहनों से निर्धारित शुल्क वसूला जायेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मुख्य सब्जी बाजार विष्णु मंदिर रोड, चावल पट्टी रोड, सत्तार सेठ से कन्नी राम चौक, लादी कॉंपलेक्स रोड, घास पट्टी रोड में सब्जी फल के माल वाहन के ठहराव होने से सुबह पांच बजे से 10 बजे तक सड़क जाम रहती है। इस संबंध में उक्त क्षेत्र के निवासियों, जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों द्वारा प्राप्त शिकायत के आलोक में उक्त क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

## झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने किया चेंबर अध्यक्ष से कई सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता सह समाजसेवी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव के समय कुछ तथाकथित नेता मुद्दों पर बात करने लगते हैं। एक दशक से सांसद, विधायक और यहां तक की शहर की सरकार की मुखिया भी खुद के परिवार से होने के बावजूद चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर को पानी का मुद्दा याद नहीं आया, लेकिन जैसे ही चुनावी बिगुल फूंका गया इनको शहर की चिंता सताने लगी। सिंह चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर से कई सवाल किया है। उन्होंने कहा कि जिले और शहर में भाजपा एक दशक तक राज किया लेकिन काम करने के बजाय शहरवासियों को धोखा दिया है। ये लोग सवाल खुद की सरकार से न करते हुए दूसरें लोगों से करते हैं। सिंह ने चेंबर अध्यक्ष से सवाल किया कि नौ वर्षों में शहरी जलापूर्ति योजना के लिए प्रयास क्यों नहीं किया गया? शहर को हवाई यातायात से जोड़ने की पहल पहले क्यों नहीं की गई? शहर के लोगों को चुनाव के पूर्व सपने क्यों बेचे जा रहें हैं? उन्होंने कहा कि फिलहाल पार्किंग का ढोंग रचकर, बिना कोई तैयारी के गरीबों का शोषण करते हुए उन्हें पार्किंग दे दिया और मनमानी शुल्क वसूलना प्रारंभ कर दिया गया, आखिर यह कौन सी नीति है। गरीबों के प्रति आपके मन में कोई संवेदना नहीं है? गरीबों से पार्क शुल्क वसूलना अनुचित है। उन्होंने कहा कि पूरा शहर जब पानी के लिए त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा था तब आप और निगम की टीम कहां थी। जनता को ठगने का काम किया गया है। जनता सब समझती है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि भाजपा, सांसद, पूर्व महापौर व विधायक धोखा देने के लिए जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

## पीपरा थाना क्षेत्र से तीन-तीन किलो का दो केन बम बरामद

### नक्सलियों के मंसूबे पर पुलिस ने फेरा पानी

गजेंद्र/राजेश





**मेदिनीनगर/हरिहरगंज।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ पलामू पुलिस लगातार सर्च अभियान चला रही है। वैसे तो पलामू जिला में नक्सली संगठन काफी कमजोर हो चुके हैं। अब वे नहीं के बराबर रह ही रह गए हैं। कुछ लोग जो पुलिस के नजरों से छुप कर लुकाछिपी का खेल खेल रहे हैं। जिसे पुलिस नाकाम करने में लगातार उनके मांद में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने में सफल हो रही है। इस अभियान के तहत अभियान एसपी ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में पलामू जिले के छतरपुर एवं पीपरा थाना सीमा पर स्थित देवगन मोड के पास नक्सलियों द्वारा ग्रामीण राह पर स्थित गड्ढे में लगभग तीन-तीन किलोग्राम का दो केन बम लगाया गया था। जिसे पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान पीपरा थाना क्षेत्र के झरना ग्राम से बरामद किया। पुलिस ने माओवादियों की एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। वहीं नक्सलियों के मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेरने में सफल साबित हुई है। यह क्षेत्र झारखंड बिहार सीमा पर स्थित है। जिस रास्ते से ही सुरक्षा बल माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाने जाती है। उसी रास्ते से शक्तिशाली लैंडमाइन बरामद किया गया है। लैंडमाइन छतरपुर थाना क्षेत्र के देवगन पिपरा रोड़ में लगाया गया था। इस संबंध में एएसपी अभियान ऋषभ गर्ग ने बताया कि लैंडमाइन को डिफ्यूज करने के लिए रांची से बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया है। फिलहाल पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि छतरपुर रोड़ पिपरा के इलाके में माओवादियों के खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया है। सर्च अभियान के दौरान जवान इलाके को सैनेटाइज कर रहे थे। इसी दौरान दो लैंडमाइन बम बरामद हुआ है। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल कैंप कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में लैंडमाइन बरामद हुआ है। उस इलाके में दस लाख के इनामी टॉप माओवादी कमांडर संजय यादव उर्फ संजय गोदराम का घर भी है। पुलिस आशंका जताई जा रही है कि उसी ने लैंडमाइन को लगाया होगा। देखने से लैंडमाइन पुराना लग रहा है। जो काफी शक्तिशाली है। सर्च अभियान में पिपरा के प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार सहित बड़ी संख्या में सशस्त्र बल शामिल थे।

### पुलिस ने किया अवैद्य अंग्रेजी शराब निर्माण का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पिरोजी गांव में अवैध अंग्रेजी शराब बनाने के कारोबार का पुलिस ने सोमवार को उद्भेदन किया है। थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस ने पिरोजी गांव स्थित एक ईंट करकट के मकान में छापामारी कर 70 कार्टून में व्हिस्की का स्टिकर लगा 336 बोतल में 604 लीटर अवैध शराब, ब्लू रंग का 9 गैलन में 360 लीटर स्प्रिट, बॉटलिंग पंचिंग मशीन, प्लास्टिक का खाली बोतल, ढक्कन, रॉयल ब्लू वाइन का स्टीकर 50 सीट, शराब पैक करने वाला 300 गता तथा एक लाल काला रंग का टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल बरामद किया है। साथ ही मौके से शहर के वैद्य बिगहा निवासी रमन पासवान का पुत्र मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। जिस मकान से उक्त सभी सामग्री जब्त किया गया। वह मकान भगत तेंदुआ ग्राम निवासी पिंटू सिंह उर्फ अमित सिंह का है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण तथा बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी। छापामारी दल में एस आई शिवशंकर उरांव, एएसआई संजय कुमार सिंह, आरक्षी चालक रामचंद्र राम, प्रशांत कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

### शहरेयार अली मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के जनरल खलीफा निर्वाचित

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा के चुनाव में शहरेयार अली की भरी मतों से जीत हासिल करने के बाद शहर से चारों ओर या अली और या हुसैन की सदाएं गूंज रही हैं। सोमवार को नवनिर्वाचित जेनरल खलीफा शहरेयार अली ने अपने समर्थकों के साथ आवासीय कार्यालय में बैठक की। 0 इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि गंगा जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखते हुए आपसी एकता के साथ मुहर्रम मनाया जाएगा। शांतिपूर्ण माहौल में सौहाद्र के साथ मुहर्रम मनाने की रणनीति तैयार की गई। इसके बाद जेनरल खलीफा शहरेयार अली ने कहा कि इंतजामिया कमेटी का विस्तार जल्द ही किया जाएगा। इसके लिए समाज के अभिभावकों से राय मशवरा किया जाएगा। अली ने मतदान में भाग लेने वाले तमाम लोगों का शुक्रिया भी अदा किया है। मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सन्नू खान, जेएमएम नेता कमाल खान, नसीम खान, मिट्ठू खान, इस्तेयाक शाह, शाहबाज खान उर्फ विक्की खान, असफर रब्बानी, वसीम अहमद, अन्नू हवारी, विक्की राईन,, अलाव राईन, कमाल खान, डब्लू खान, नसीम खान, राजा अशरफी, मुन्ना शाह, अहमद जमा खान, मुन्ना राईन, मो मिंटू, मो फैयाज, सैफी अली, मुजाहिद अली, समेत बड़ी संख्या में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारी मौजूद थे।

### व्यवसायी एकता मंच ने बैठक कर लिया कई निर्णय



**मेदिनीनगर।** विष्णु मंदिर में व्यवसायिक एकता मंच के व्यवसाई एवं स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आज विष्णु मंदिर में व्यवसाय, समाज के मुख्य लोग एवं स्थानीय लोगों की आमसभा की बैठक होगी एवं आगे की रणनीति, आंदोलन का रूपरेखा तैयार किया जाएगा। बैठक में चर्चा हुआ कि नगर आयुक्त के द्वारा विष्णु मंदिर रोड एवं लाल कोठा रोड को नो पार्किंग जोन का आदेश निकालने के बाद भी होलसेल सब्जी बाजार के लोग जाम करके सब्जी लगा रहे है। वैसे ही सामग्री बेच रहे हैं कोई परिवर्तन नहीं है। बैठक में कहा गया कि सभी व्यवसाय एवं स्थानीय लोगों ने आम सभा कर अपनी योजना एवं रणनीति तय करेंगे। बाजार में मालवाहक वाहन से सब्जी उतारने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

### झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य बनने पर वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ हृदयानंद मिश्र सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। स्थित परिसदन भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की और संचालन पलामू जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की उपाध्यक्षा विमला कुमारी ने किया।

मौके पर हृदयानंद मिश्रा को धार्मिक न्यास बोर्ड का सदस्य बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर हृदयानंद मिश्रा ने कहा कि मंदिर का पंजीयन नहीं हुआ है उसे प्राथमिकता के साथ पंजीयन कराने का काम करेंगे। झारखंड सरकार जिस आस्था और विश्वास से मुझे सदस्य बनाया है उनके आस्था को मंजिल तक पहुंचायेंगे।

इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता के डी सिंह ने कहा कि हृदयानंद मिश्र को बोर्ड के सदस्य बनाये जाने से झारखंड में कांग्रेस मजबूत होगी। मौके पर सत्यानंद दूबे, राम आशीष पांडे, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद कुमार तिवारी, राजेश चौरसिया, ओम प्रकाश अमन, सुनीता देवी, विश्राम दुबे, सत्येंद्र कुमार सिंह, विद्या सिंह चेरो, मनोज कुमार पांडे, ओम प्रकाश अमन, रघुनंदन प्रसाद, रामानंद पांडे का नाम शामिल है।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार पांडे ने की।

## श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति ने किया गुरू पूर्णिमा उत्सव आयोजित

### वचनामृत पाठ, पूजा अर्चना व हवन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति द्वारा दुर्गा बाड़ी के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय, पुजारी देवी प्रसाद मुखर्जी द्वारा भगवान श्री रामकृष्ण, मां शारदा, स्वामी विवेकानंद, मां काली, भगवान शिव की पूजा एवं हवन कर प्रारंभ की गई। संस्था के अध्यक्ष द्वारा राजदेव उपाध्याय ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति परंपरा में सभी ने गुरु पूर्णिमा को गुरु पूनम के रूप में मनाते हैं। मनुष्य के जीवन में अध्यात्म का होना परम आवश्यक है।

आध्यात्मिक के लिए गुरु जिन्हें प्राप्त हुए उसका आध्यात्मिक जीवन शुरू हुआ। गुरु के बिना ज्ञान संभव नहीं है और ज्ञान के बिना ईश्वर दर्शन नहीं होता। श्रीधर द्विवेदी ने कहा कि गुरु जो अपने शिष्य को अपने सामान बनाते वही गुरु ग्रुप और गुरु इसी रूप में अपने उत्तराधिकारी चुन लेते हैं। कहा कि जिनके जीवन में गुरु नहीं उनका जीवन शुरू नहीं। कार्यक्रम में श्री रामकृष्ण वचनामृत का पाठ, भजन कीर्तन, आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सत्संग में श्री मानस कुमार अड्डी, के एस भट्टाचार्य, शांति भट्टाचार्य, सुनीता देवी, नूपुर विश्वास, अमित दत्ता, सुमित चटर्जी, सिला दासगुप्ता, पुरुषोत्तम सिंह, कमलेश कुमार सिंह, प्रमिला सिंह आदि उपस्थित थे।

## गुरु के सम्मान परंपरा को कायम रखने की जरूरत : जन्मेजय पांडेय

### गुरु शब्द अपने आप में है महान

खबर मन्त्र संवाददाता



प्राचार्य को सम्मानित करते अध्यक्ष जन्मजेय पांडेय।

**नावा बाजार पलामू।** नावाबाजार प्रखण्ड क्षेत्र के राजहरा कोठी में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरू पूर्णिमा उत्सव व महर्षि वेदव्यास की जयंती धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जन्मजेय पांडेय, सचिव विन्देश्वर चौहान, प्राचार्य ज्योति आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर अध्यक्ष जन्मेजय पांडेय ने कहा कि गुरु की महिमा अपरंपार है। गुरु शब्द ही अपने आप में महानता को प्रकट करता है। उन्होंने कहा गुरु से प्राप्त ज्ञान को मानवता और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करना चाहिए। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ज्ञान चरित्र एवं संस्कार की त्रिवेणी भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत यह संस्था है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में गुरुओं का सम्मान रहा है उस परंपरा को कायम रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन प्रत्येक विद्यार्थियों को अपने गुरु के प्रति निष्ठा व समर्पण के साथ आदर करने का संकल्प लेना चाहिए। जन्मेजय पांडेय ने विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक अर्जुन कुमार आनंद,रवि कुमार गुप्ता, कामेश्वर पांडेय, संगीता सिंह, ममता, सुगंधी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरकार और समाज करे दिव्यांगों की मदद : रामेश्वर उरांव

■ निशक्त कल्याण योजना अंतर्गत जिले के 112 दिव्यांगों के बीच विशेष यंत्र और उपकरणों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले के दिव्यांग जनों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कई प्रयास किये जा रहे हैं। गुमला इस राज्य का संभवतः पहला जिला है जहां सभी 21 प्रकार की दिव्यांगता का सर्वे किया जा रहा है तथा शिविर के माध्यम से उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जा रहे हैं।

इसी कड़ी को एक नया आयाम देते हुए सोमवार को नगर भवन गुमला में दिव्यांगों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां दिव्यांगों के बीच विशेष यंत्र एवं उपकरणों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कल्याण योजना के तहत प्राप्त आवंटन से 112 दिव्यांग जनों को ब्लाइंड स्टीक, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और वैशाखी उपलब्ध कराया गया है। सेविकाओं के माध्यम से जिले में करीब 550 दिव्यांग जनों की पहचान की गई है। जिन्हें दूसरे चरण में दो महीने बाद उनकी जरूरत के उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

मौके पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि दिव्यांगो की मदद करने एवं उन तक पहुंचने के लिए समाज एवं सरकार को संयुक्त रूप से आगे आकर कार्य करने की आवश्यकता है। दिव्यांग जनों तक पहुंचने के लिए सड़क की नहीं बल्कि एक सकारात्मक इच्छा शक्ति की आवश्यकता है।

समाज के दिव्यांग जनों को भी उनकी पहचान मिले एवं उन्हें अलग महसूस न हो उसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग एवं जिला समाज कल्याण विभाग के टीम वर्क से जिले में 21 प्रकार के दिव्यांगों को चिह्नित करना सफल हो पाया है। टीम के द्वारा समर्पित भावना के साथ कार्य किया गया एवं जिले में लगभग 18000 दिव्यांगों को चिह्नित किया गया है।

इन सभी दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने तथा उन्हें सही इलाज उपलब्ध कराने का कार्य लगातार जारी है। जिसके लिए नियमित कैंप आदि का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा सहित सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगों एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।




दिव्यांग को ब्लाईंड स्टीक प्रदान करते वित्त मंत्री और कार्यक्रम में शामिल दिव्यांग व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### बजरंग दल के कायकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के कार्यकर्ता पवन कुमार ने ओ पॉजिटिव और आशुतोष चौबे ने एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेट कर अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता की। पवन ने पांचवीं और आशुतोष चौबे ने 30वीं बार रक्तदान किया। जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने बताया कि ब्लड बैंक में ब्लड नहीं था। गंभीर स्थिति को देख दोनों ने रक्तदान किया। मौके पर मुकेश सिंह, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, संगीता कुमारी, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### मिशन बदलाव ने शुरू किया अभियान



**गुमला।** मिशन बदलाव भरनो टीम के बुद्धेश्वर उरांव ने वृक्ष लगाओ मुहिम की शुरुआत की। जिसके तहत मिशन बदलाव के सभी युवा वृक्ष लगाने का कार्य जल्द शुरू करेंगे। मुहिम में बच्चों को शामिल करते हुए बुद्धेश्वर ने कहा कि बच्चों के सहयोग से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा। वृक्षारोपण कर बच्चों के साथ नारा एवं रैली व सभी गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

### बुनियादी विद्यालय में पेड़ की कटाई



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखंड स्तिथ राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू परिसर में बिना आदेश के युकेलिप्टस के पेड़ काटे जा रहे है। वही पेड़ो की कटाई के दौरान विद्यालय की चार दिवारी एवम शौचालय की दीवार भी टूट गई है। अब सवाल ये उठता है कि इसकी मरम्मत कौन करेगा विद्यालय प्रबंधन या पेड़ काटने वाले लोग। विद्यालय में कुल छः युकेलिप्टस के पेड़ों की कटाई करनी है।

### एनीमिया को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**चैनपुर।** जिला प्रशासन गुमला ने एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह के तहत परमवीर अलबर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में कार्यक्रम किया। कॉलेज के प्रो अमित कुमार ने एनीमिया के लक्षण एवं उपचार के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रो एलविन लकड़ा ने इसके बारे में एवं इस बीमारी से जुड़ी कई तथ्यों के बारे बताया। फादर रेमिस ने कहा कि अभियान में जुड़कर सामाजिक कार्यों का हिस्सा बनें। समापन एनीमिया मुक्ति का नारा लगाकर किया गया।

### बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीडीओ विष्णु देव कच्छपने बीएलओ के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने मृत व्यक्तियों की सूची तैयार कर फिर विलोपित करते हुए नए मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें जोड़ें। किसी भी हाल में कोई भी नए मतदाता जिनका 18 वर्ष पूरा हो चुका है वे ना छूटे। प्रपत्र 6, 7 व 8 फॉर्म लेकर घर घर जाएं और कार्य करें। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष उरांव, श्याम साहू, नॉबेर्ता एक्का, सावित्री कुजूर, बिरसमुनी देवी, ललिता उरांव उपस्थित थे।

### लोहरदगा के चार मजदूर यूपी में बंधक

**गुमला।** सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमुरा गांव के चार मजदूरों को उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला अंतर्गत कुसमा बिलवा पर शुभम ब्रिक्स के मालिक हीरालाल गुप्ता के द्वारा बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है। मजदूरों के साथ गाली गलौज और जबर्दस्ती मारपीट हो रही है। जब मजदूर अपने घर आने की बात कहते हैं तो ईंट भट्ठा मालिक और उसका बेटा सत्यम धमकी दे रहा है। सभी मजदूर के परिजन सोमवार को गुमला पहुंचे और मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खां को लिखित आवेदन देकर सभी के सकुशल वापसी की गुहार लगायी। जुमन ने तत्काल पहल करते हुए लोहरदगा श्रम अधीक्षक, झारखंड प्रवासी नियंत्रण कक्ष, श्रम मंत्रालय झारखंड प्रदेश को सारी जानकारी उपलब्ध कराते हुए सहयोग की अपील की है। फंसे हुए मजदूरों में मुकेश उरांव, सुनिल उरांव, सोमरा उरांव, मंगरी कुमारी शामिल है।

### लोहरदगा में बहेगी विकास की गंगा



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के नंदनी डैम के पास आजसू का कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम हुआ। जहां संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए 2024 के विधानसभा चुनाव तैयारी की रणनीति बनी। मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत की पत्नी सह लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत ने कहा कि आप मेरा सहयोग करें, मैं आपके सहयोग से स्व कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा कर लोहरदगा विधानसभा में विकास की गंगा बहाने का कार्य करूंगी। सभा में केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, केंद्रीय सदस्य देवेंद्र साहू, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, जिला महासचिव बिलियन कुजूर, जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, जिला महिला अध्यक्ष अनिता साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, प्रदीप ठाकुर भी थे।

### भालू के हमले में घायल के लिए मांगी राशि

**गुमला।** भालू के हमले में घायल भरनो थाना क्षेत्र के कमलपुर कुंबटोली के स्व समेल बड़ा के पुत्र लिवांस का बेहतर इलाज नहीं हो पाया है। करीब एक वर्ष पूर्व स्कूल जाने में जंगली भालू ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके बाद लिवास पूरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने उसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया था। उस समय बच्चे की हालत बहुत नाजुक थी। इलाज के बाद बच्चे की जान बच गयी। परंतु उसकी स्थिति बहुत दयनीय है। मां मुन्नी बड़ा मुआवजा को लेकर परेशान है। उसके ईलाज के लिए डीएफओ से राशि की मांग की।

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक

# जिले में व्याप्त पेयजल व बिजली समस्या को लेकर गर्म रहा माहौल

■ वित्त मंत्री ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की

■ बीस सूत्री सदस्यों ने जिले में चिकित्सकों की कमी से भी मंत्री को कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक सोमवार को विकास भवन के सभागार में झारखंड के वित्त मंत्री सह 20 सूत्री अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से गुमला विधायक सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष भूषण तिर्की, उपायुक्त सुशांत गौरव अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि सहित 20 सूत्री के सदस्य मौजूद थे। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने मंत्री को 20 सूत्री की बैठक हेतु प्रतिवेदन देते हुए जिले में चल रहे कार्यों के बारे में बताया। मंत्री ने बिंदुवार सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समिति के सदस्यों द्वारा कुछ समस्याओं को भी समिति के समक्ष रखा गया एवं उपायुक्त के बताये सभी समस्याओं का निवारण अविलंब करने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में जिले भर में जलापूर्ति के संकट से सदस्यों ने मंत्री को अवगत करवाया। जिस पर समिति ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के विभाग के कार्यपालक अभियंता यथाशीघ्र कारणों का निदान कर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा।



निर्देश देते मंत्री रामेश्वर उरांव, उपस्थित अधिकारी व अन्य।

■ जिले में पुनः एक बार सर्वे करते हुए खराब पड़े जल मीनारों को ठीक करने की भी बात कही। नल जल योजना के तहत सभी 20 सूत्री के सदस्यों के बीच सूची उपलब्ध करने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की समस्या के संबंध में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से इसका कारण पूछा एवं समस्या के निवारण हेतु उपर्युक्त निर्णय लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

# भारत में प्राचीन काल से है गुरु शिष्य की उज्ज्वल परंपरा : विष्णु दत्त पांडेय

■ शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मना पूर्णिमा महोत्सव

■ विद्या मंदिर में स्थापित है प्राचीन गुरु शिष्य परंपरा : बिपिन दास

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में गुरु पूर्णिमा सह वेद व्यास जयंती का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रुप से महर्षि वेदव्यास, सरस्वती माता, ओंकार, एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इस अवसर पर प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, समिति सदस्य शशि गुप्ता एवं सदस्या शोभा देवी उपस्थित थे।

### भारत की संस्कृति को विद्या भारती ने बनाया शिक्षा का आधार



विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने आगत अतिथियों का परिचय कराते हुए विद्या भारती के द्वारा मुख्य रूप से गुरु पूर्णिमा मनाये जाने की परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति को विद्या भारती ने अपनी शिक्षा का आधार बनाया है। अतः शिशु विद्या मंदिरों में गुरु पूर्णिमा का उत्सव विशेष रूप से मनाया जाता है। मुख्य वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य देते हुए विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने कहा कि भारत में गुरु शिष्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन और उज्जवल रही है। महर्षि वेदव्यास ने अपने ज्ञान के विस्तार से अतुलनीय गुरु का गौरव प्राप्त किया है, अतः उनकी जयंती को गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण ज्ञान प्राप्ति का मूल आधार है। शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि-गुरु पूर्णिमा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। गुरुओं का सम्मान ही शिक्षा का मूल आधार है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में कहा कि सनातन संस्कृति में गुरुओं का स्थान सर्वोच्च है। विद्यालय की बहन कशिश एवं भैया अंकित कुमार ने गुरु पूर्णिमा पर अपना उद्गार व्यक्त किया। विद्यालय की बहन सृष्टि एवं सहेलियों ने गणेश वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की बहन आयुषी एवं प्रेरणा ने अपने सहेलियों के साथ आकर्षक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को मनमोहन लाल अग्रवाल मेधा पुरस्कार आदि भी मौजूद थे।

### शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरू दक्षिणा कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान सभी लोगों ने अपने गुरु का आशीर्वाद लिया। बताते चलें कि गुरु पूर्णिमा का त्योहार हर साल आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को मनायी जाती है। जीवन में गुरु का स्थान सर्वश्रेष्ठ होता है। इस दिन लोग अपने गुरु से आशीर्वाद लेकर वैभव का वरदान पाते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। मौके पर बाबूलाल जी, संगीता जी, खुशबू जी, शांति जी व कई लोग थे।

### प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोपी को भेजा जेल



**डुमरी।** झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत डुमरी पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्त नौशाद खान उर्फ नौशाद मियां कपासगुटरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेजा गया। उसके विरुद्ध कपासगुटरा में गोवंशीय पशु मांस की बिक्री के आरोप में कांड दर्ज किया गया था। कांड दर्ज होने के बाद से नौशाद फरार चल रहा था। घटना मई 2023 की है। थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना पर युवक को गिरफ्तार किया गया।

### पतंजलि ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा



**लोहरदगा।** जिले में धूमधाम के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा एवं सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में हवन कर गुरु के बताये मार्गदर्शन को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में आचार्य शरचचंद्र आर्य के मार्गदर्शन में आचार्य अर्जुनदेव आर्य के नेतृत्व में वैदिक विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन हुआ। मौके पर पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि गुरु का पद जीवन निर्माता का है। गुरु एक शिल्पकार की भांति है, वह व्यक्तित्व को गढ़ता है, तराशता है। आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने कहा कि एक मनुष्य को सही अर्थों में ज्ञानवान, प्रज्ञावान, शीलवान बनाने का अद्भुत और अद्वितीय पुरुषार्थ सिर्फ गुरु ही कर सकता है। उन्होंने आज सबको संकल्प लेकर संकल्प दिवस के रूप में मनाने की जरूरत है।

## पालकोट रोड के लक्ष्मी मंदिर स्टेट बैंक तिराहे का नाम हुआ भामाशाह

■ राष्ट्रीय साहू तेली महासंगठन ने स्थल का बोर्ड लगाकर किया नामकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर स्टेट बैंक के सामने तिराहे को भामाशाह चौक के रूप में नामकरण किया गया। राष्ट्रीय साहू तेली महासंगठन ने उक्त स्थल का नामकरण किया। वहीं स्टेट बैंक के बगल से सिसई रोड जाने वाली सड़क को भामाशाह रोड का नाम दिया गया। भामाशाह तेली साहू समाज के पुरोधा व वंशज हैं। मुगल कालखंड में महाराणा प्रताप जब अकबर से युद्ध के क्रम में जंगल-जंगल फिर रहे थे और उनकी सेना नष्ट हो चुकी थी। तब वैसी विपत्ति में तेली समाज के पुरोधा उस समय अपनी सारी संपत्ति महाराणा प्रताप जी को दान दे दी थी। उसी संपति से फिर से महाराणा प्रताप ने पुनः एक शक्तिशाली सेना तैयार की थी। जिसमें भामाशाह भी शामिल थे। हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल सेना पर महाराणा प्रताप ने विजय प्राप्त की और चितौड़गढ़ फिर से हासिल किया। उसी दान से उसे महादानी भामाशाह का खिताब मिला।





## केवि में पेयजलापूर्ति की समस्या दूर करने को लेकर डीडीसी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय, बरही में पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर करने हेतु एक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में विद्यालय परिसर में जलस्त्रोत की पहचान दो दिनों में करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी और अंचल अधिकारी सेन्हा को दिया गया। इसमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया। साथ ही विद्यालय के समीप जिस रैयत की भूमि पर जलस्त्रोत है उससे समन्वय स्थापित कर भूमि हस्तांरित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। विद्यालय के समीप पेयजलापूर्ति हेतु गुजरनेवाली पाइपलाइन योजना की मरम्मत कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को दिया। बैठक में पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, केंद्रीय विद्यालय के सहायक आयुक्त बलेंद्र कुमार, अधिकारी दिलीप मिश्रा आदि भी उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा : गायत्री शक्तिपीठ गुमला में पंच कुंडीय यज्ञ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला में सोमवार को विश्व शांति के उद्देश्य से एवं गुरुजनों को स्मरण व पूजन करते हुए पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमें परिवार्जक बलिराम भगत ने हवन पूजन व विभिन्न संस्कार भी कराये। जिसमें अन्नप्राशन व नामकरण संस्कार ऋषभ कुमार एवं मुंडन संस्कार शजल आनंद का कराया गया। हवन के बाद प्रसाद के रूप में अमृतासन, खीर, पुड़ी का सुस्वाद प्रसाद भक्तों के बीच बंटा। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इसे सफल बनाने में ब्रह्मदेव जी, गीता देवी, सरस्वती देवी, प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, आशा देवी, राधा देवी, उर्मिला बहन भी उपस्थित थे।

## मजदूर की मौत मामले को लेकर धरना 6 को

**गुमला।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन ने विशुनपुर थानान्तर्गत कोरकोटपाठ निवासी खनन मजदूर गुलशन मुण्डा के ब्लास्टिंग में हुई मौत के मामले को लेकर आंदोलन की घोषणा की है। इस मामले में यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उपायुक्त गुमला तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी को सूचित किया है कि संबंधित मामले तथा माईंस मजदूरों की अन्य समस्याओं को लेकर 6 जुलाई 2023 को प्रखण्ड मुख्यालय घाघरा के चांदनी चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## बलदेव साहू कॉलेज में जल्द शुरू हो इंटर की पढ़ाई : आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक साहू ने झारखंड सरकार के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें झारखंड के 65 अंगीभूत कॉलेजों व डिग्री संबंध कॉलेज में इंटर में नामांकन लिया जा सकता है। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा में प्रत्येक वर्ष काफी संख्या में छात्र मैट्रिक में पास होते हैं लेकिन जिले में इंटर की सीट कम होने से बहुत से छात्रों का इंटर में नामांकन नहीं हो पाता। जिस कारण छात्रों को काफी परेशानी होती है। सरकार के निर्देश के आलोक में लोहरदगा बलदेव साहू कॉलेज में इंटर का नामांकन नहीं लिया जा रहा है जबकि झारखंड के दर्जनों कॉलेज में इंटर का नामांकन लिया जा रहा है। पहले यहां इंटर की पढ़ाई होती थी। श्री साहू ने स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के रवि से दूरभाष पर वार्ता कर कॉलेज में इंटर में नामांकन नहीं लेने की जानकारी दी थी।

# सम्मानित हुए शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद बोले : माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु

■ एमएलए सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में महर्षि वेदव्यास जयंती गुरु पूर्णिमा उत्सव समारोहपूर्वक मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में सोमवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती और गुरु पूर्णिमा उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। मौके पर अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य एवं जाने-माने शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद को सम्मानित किया गया। उनके सम्मान में प्रशस्ति पत्र का वाचन सचिव अजय प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि श्री प्रसाद ने 1965 से 1995 तक लोहरदगा के चुन्नी लाल उच्च विद्यालय में एक शिक्षक के रूप में अपनी सेवा दी। 1995 से 2004 तक गुमला के घाघरा में एसएस हाई स्कूल में सेवा देते हुए एक प्रधानाचार्य के रूप में अवकाश ग्रहण किये। इनके द्वारा पढ़ाई हुई न्यूनतम तीन पीढ़ियां इन्हें हर जगह हृदय से सम्मान देती है।



**कार्यक्रम की खास बातें :** विद्या भारती के नगर क्षेत्र स्थित तीनों विद्यालयों की समितियों में सदस्य, अध्यक्ष, संरक्षक और शिक्षाविद की भूमिका में लगभग डेढ़ दशक से मार्गदर्शन कर रहे हैं। 2001 में झारखंड सरकार द्वारा भी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा सेवा के लिए सम्मानित किये जा चुके हैं। श्री प्रसाद को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सम्मानित किया। श्री प्रसाद ने कहा कि गुरु हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और माता-पिता ही बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं। गुरु के मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही मनुष्य उच्च स्थान को प्राप्त करता है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि गुरु के ज्ञान का मोल कोई नहीं चूका सकता, क्योंकि गुरु ही साक्षात ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में इस धरा पर हमारा मार्गदर्शन और ज्ञानवर्धन करते हैं। कॉलेज के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने आदर्श जीवन पद्धति की अमूल्य निधि हमें दी है। उन परंपराओं का निर्वहन कर हम वैसे गुरुजनों को सच्चा सम्मान दे सकते हैं। इसके पूर्व नीतू कुमारी ने अतिथि परिचय कराया। संचालन रेणु कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन कविता कुमारी ने किया।

गुमला में खुला राज्य का पहला महिला पुस्तकालय

# अच्छी शिक्षा से आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें जिले के युवा : वित्त मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के पहले 400 सीटर हाइटेक महिला पुस्तकालय का उद्‌घाटन सोमवार को राज्य के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने फीता काट कर किया। उक्त पुस्तकालय का नामकरण भारत की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सेविका सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा गया है। उक्त पुस्तकालय में हर एक प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तकों सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। विभिन्न विषय की हजारोंपुस्तकें मौजूद हैं जो हर प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सहायक सिद्ध होगी।



महिला पुस्तकालय का उदघाटन करते वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव।

**खास बातें :** मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि जिले में महिलाओं के सम्मान में एक पुस्तकालय का निर्माण किया गया। जिसमें महिलाएं व अभ्यार्थी बिना किसी संकोच के आकर अपनी पढ़ाई एक शांत वातावरण में कर सकती है। उन्होंने जिले में चल रहे पुस्तकालय क्रांति के बेहतर क्रियान्वयन पर उपायुक्त सुशांत गौरव तथा उनकी टीम की सराहना की। मौके पर उन्होंने कहा कि सुशांत गौरव एक अच्छे अधिकारी होने के साथ साथ अच्छे व्यक्तित्व की पहचान रखते हैं। जिसका प्रतिफल जिले वासियों को देखने को मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों प्रेरित करते हुए जरूरी सलाह दी एवं कहा कि केवल किसी पुस्तक को किसी परीक्षा में पास होने के लिए नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित करने के लिए पढ़ें। उपायुक्त ने सभी महिला अभ्यार्थियों से उक्त पुस्तकालय का अधिक सदुपयोग करने की अपील की।








# पवित्र श्रावण माह में शिव का आशीर्वाद पाते कांवरिया

सावन के महीने में भक्त भगवान शिवजी को खुश करने के लिए अलग-अलग तरीकों से उनकी पूजा करते हैं। इन्हीं तरीकों में से एक है कांवर लाना। सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के भक्त केसरिया रंग के कपड़े पहनकर कांवर लाते हैं, इसमें गंगा जल होता है। इन्हीं भक्तों को कांवरिया कहा जाता है।

कांवर को सावन के महीने में ही लाया जाता है। कांवर को सावन के महीने में लाने के पीछे की मान्यता है कि इस महीने में समुद्र



मंथन के दौरान विष निकला था, दुनिया को बचाने के लिए भगवान शिव ने इस विष का सेवन कर लिया था। विष का सेवन करने के कारण भगवान शिव का शरीर जलने लगा। भगवान शिव के शरीर को जलता देख देवताओं ने उन पर जल अर्पित करना शुरू कर दिया। जल अर्पित करने के कारण भगवान शिवजी का शरीर ठंडा हो गया और उन्हें विष से राहत मिली। उसके बाद से ही सावन के महीने में भगवान शिव जी पर जल चढ़ाया जाता है।

पहले देवताओं ने उन पर जल चढ़ाया तो वहीं उसके बाद भगवान शिवजी के भक्त उन पर जल चढ़ाने लग गए। कांवर के बारे में कुछ ज्योतिषियों का कहना है कि सबसे पहले भगवान परशुराम ने कांवर से गंगा का पवित्र जल भगवान शिवजी पर चढ़ाया था। तभी से भगवान शिवजी पर सावन के महीने में जल चढ़ाने की परंपरा शुरू हो गई।

**सावन के महीने में क्यों लाई जाती हैं कांवर** : कांवर लाने के बारे में कुछ विद्वानों का कहना है कि समुंद मंथन से निकले विष को पीने के कारण भगवान शिवजी का गला नीला हो गया था, जिसके कारण वे नीलकंठ कहलाए। विष के कारण उनके शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ गए थे। ाकारात्मक प्रभावों से मुक्ति दिलाने के लिए उनके भक्त रावण ने काफी पूजा-पाठ की और कांवर में जल भरकर शिवमंदिर में चढ़ाया। जिसकी वजह से शिव जी सभी नकारात्मक प्रभावों से मुक्त हो गए। तभी से कांवर यात्रा की शुरुआत हुई।

## 10वीं सदी के शिव मंदिर में अनुष्ठान करने से संतान प्राप्ति की मान्यता

जगदलपुर(छत्तीसगढ़) के बीजापुर मार्ग पर गीदम से करीब नौ किमी दूर गुमरगुण्डा चौक से पांच किमी दूर सघन वन क्षेत्र में स्थापित है समलूर का करीब नौ सौ साल पुराना शिवालय। दंतेवाड़ा से बिंजाम होकर भी यहां पहुंचा जा सकता है।

इस शिवालय का निर्माण 11वीं शताब्दी में काकतीय नरेशों ने करवाया था। विशाल तालाब किनारे स्थित इस शिवालय की शिवलिंग और जलहरी बारसूर के बत्तीसा मंदिर की तरह ही है।

आमतौर पर शिवालयों में नंदी की प्रतिमाएं गर्भगृह के बाहर रहती हैं परन्तु समलूर में यह प्रतिमा मंदिर के भीतर ही है। इस शिवालय से कुछ दूरी पर वनांचल में ही एक दुर्लभ देवी प्रतिमा है। जहां नवरात्रि पर भक्त मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते हैं। यह शिवालय छग पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है।

समलूर शिवालय को स्थानीय भक्त संतान देने वाला भगवान मानते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि पर यहां निः संतान दंपत्तियों की खासी भीड़ रहती है। मनौती पूरी हो, इसलिए लोग मंदिर की दीवारों में सिक्का भी चिपकाते हैं। यहां भी भक्त नंदी के कान में अपनी बात कह महादेव से उसे पूरा कराने का निवेदन करते हैं।

**सावन में भूलकर भी शिवलिंग पर हल्दी न चढ़ायें**

कहा जाता है कि सावन के महीने में भगवान शिवजी की पूजा करने से वो खुश होते हैं और उनकी पूजा करने वाले भक्तों के सारे दुख दूर हो जाते हैं। लेकिन



इस महीने में कुछ काम ऐसे भी हैं, जिन्हें करने से भगवान शिवजी नाराज होते हैं।

कहा जाता है कि हल्दी का प्रयोग सिर्फ माता पार्वती पर किया जाता है। सावन के महीने में बैंगन खाना भी अशुभ माना जाता है। क्योंकि बैंगन को शास्त्रों में अशुभ माना जाता है। भले ही हरी सब्जियों को हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता हो लेकिन सावन के महीने में हरी सब्जी खाने से मना किया जाता है।

सावन के महीने में प्याज, मांस, मंदिरा और लहसुन का सेवन नहीं करना चाहिए। सावन के महीने में इन सब चीजों के खान-पान को पाप माना जाता है। सावन के महीने में व्रती को हरी सब्जियां नहीं खानी चाहिए। सावन के महीने में सुबह जल्दी उठ जाना चाहिए। इस महीने में जल्दी उठ जाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। सावन के महीने में शरीर पर तेल नहीं लगाना चाहिए। न हीं इस महीने में कांसे के बर्तन में खाना-खाना चाहिए।

शास्त्रों में कहा गया है कि सावन के महीने में दूध का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इस महीने में दूध का सेवन सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। वहीं इस महीने में शिवलिंग पर दूध चढ़ाना शुभ माना जाता है।

ज्योतिषियों का कहना है कि इस महीने में रोज शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से पिछले कई सालों में पापों से मुक्ति मिलती है। सावन के महीने में शिव भक्तों का अपमान नहीं करना चाहिए। इस महीने में शिव भक्तों को सम्मान देने से भगवान शिवजी खुश होते हैं।

### मंदिर में हमेशा जलती रहती है ज्योति

# रुद्रप्रयाग में हुआ था शिव-पार्वती का विवाह



त्रियुगीनारायण मंदिर के बारे में वेदों में उल्लेख भी मिलता है कि यह मंदिर त्रेतायुग से स्थापित है। माता पार्वती और भगवान शिवजी के विवाह के बारे में कई पौराणिक कथाएं हैं। ऐसी ही एक कथा उत्तराखण्ड के रूद्रप्रयाग जिले के त्रियुगीनारायण नाम के मंदिर से जुड़ी हुई है। इस मंदिर में एक ज्योति हमेशा जलती रहती है। स्थानीय मान्यता के मुताबिक इस अग्नि के सामने ही भगवान शिवजी और माता पार्वती ने फेरे लिए थे। मंदिर में जलने वाली इस ज्योति के बारे में कहा जाता है कि यह त्रेतायुग से निरंतर जलती आ रही है। यह ज्योति कभी बंद नहीं होती है।

मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां शादी करने से दांपत्य जीवन सुखी रहता है। हर साल यहां हजारों की संख्या में शादियां होती हैं। यहां दूर-दूर से कई जोड़े शादी करने के लिए आते हैं। भगवान शिवजी और माता पार्वती का ये मंदिर रुद्रप्रयाग जिले के एक सीमांत गांव में स्थित है। इस मंदिर का नाम त्रियुगीनारायण मंदिर है। इस मंदिर को आस्था का केंद्र माना जाता है।

त्रियुगीनारायण मंदिर के बारे में वेदों में उल्लेख भी मिलता है कि यह मंदिर त्रेतायुग से स्थापित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माता पार्वती का सती के रूप में पुनर्जन्म हुआ था। जन्म के बाद वो भगवान शिवजी की पूजा करने लगीं और अपनी पूजा से शिवजी का मन जीत लिया। माता पार्वती ने यह पूजा त्रियुगीनारायण के करीब पांच किलोमीटर दूर गौरीकुंड में की थी। इसके बाद दोनों का त्रियुगीनारायण गांव में विवाह संपन्न हुआ।

केदारनाथ धाम रूद्रप्रयाग जिले (उत्तराखण्ड) में स्थित है। त्रियुगीनारायण का मंदिर केदारनाथ से 19-20 किलोमीटर पहले गंगोतरी, बूढ़ाकेदार, सोनप्रयाग के रास्ते में पड़ता है। हर साल इसे मई से अक्टूबर महीने के बीच में आम दर्शनार्थियों के लिए खोला जाता है।

### जानिये धार्मिक और वैज्ञानिक कारण

# शिवलिंग पर क्यों चढ़ाया जाता है दूध



सावन का महीना चल रहा है और इस महीने को भगवान शिवजी का प्रिय महीना माना जाता है।

शास्त्रों के अनुसार भगवान शिवजी को खुश करने के लिए उनके भक्त सावन के महीने में कई तरह की पूजा पाठ करते हैं। उन्हें में से एक है सावन के महीने में शिवलिंग पर दूध चढ़ाना। शिवलिंग पर दूध चढ़ाने के पीछे कई धार्मिक मान्यताएं हैं।

क्या है धार्मिक मान्यताः विष्णुपुराण के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान विष की उत्पत्ति हुई। ये विष दुनिया को समाप्त कर सकता था। दुनिया को बचाने के लिए भगवान शिवजी ने इसे पी लिया, जिससे उनका शरीर जलने लगा। उनके शरीर को जलता देख कई देवताओं ने उन पर पानी डालना शुरू कर दिया। लेकिन कोई ज्यादा असर नहीं पड़ा। तभी सभी देवताओं ने उनसे दूध ग्रहण करने का निवेदन किया। दूध पीने से विष का असर कम हो गया। और उनका शरीर जलने से बच गया। तभी से शिवजी को दूध बहुत प्रिय है। यही कारण है कि भगवान शिवजी को खुश करने के लिए शिवलिंग पर दूध चढ़ाया जाता है।

वहीं सावन के महीने में दूध न पीने की सलाह भी दी जाती है। आयुर्वेद के मुताबिक सावन के महीने में दूध या दूध से बने किसी पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। सावन के महीने में भैंस या गाय घास में कई कीड़े-मकोड़े खा लेती हैं, जिसके कारण दूध सेहत के लिए हानिकारक होता है। सावन के महीने में वात संबंधी बीमारियां सबसे ज्यादा उत्पन्न होती हैं। सावन के महीने में ऋतु परिवर्तन होता है, जिसके कारण शरीर में वात परिवर्तन की प्रवृति बढ़ जाती है। यही कारण है कि सावन के महीने में शिव को दूध अर्पित करने की प्रथा बनाई है।

ज्योतिषियों की माने तो सावन के महीने में शमीवृक्ष के फूल और पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाने से चंचल मन वाले व्यक्ति के मन में स्थिरता आती है। साथ ही ऐसा करने वाला व्यक्ति का अधिकारी भी बन जाता है।

# सावन में महिलाएं क्यों पहनती हैं हरी चूड़ियां

**हरे रंग को उपचार का रंग भी माना जाता है। हरा रंग हाइब्लड प्रेशर और हार्ट की कई बीमारियों के लिए अच्छा माना जाता है। सावन के महीने में बारिश के कारण पेड़-पौधे भी हरे-भरे हो जाते हैं। प्रकृति के इस बदलते रंग के साथ-साथ महिलाओं का श्रृंगार भी बदल जाता है। इस महीने में महिलाएं हरे रंग के वस्त्र और हरे रंग की चूड़ियां पहनती हैं।**



कई ज्योतिषियों का कहना है कि इस महीने में हरे रंग के कपड़े पहनने से भाग्य प्रभावित होता है। इस महीने में हरे रंग के कपड़े पहनने से सोया हुआ भाग्य जाग जाता है। हरे रंग को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। सावन के महीने में हरे रंग के वस्त्र और हरे रंग की चूड़ियों को पहनने का नियम प्राचीनकाल से चला आ रहा है। माना जाता है कि ऐसा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है।

माना जाता है कि जो लोग सावन के महीने में हरे रंग के कपड़े पहनते हैं, उनसे भोले बाबा खुश होते हैं। वहीं सावन के महीने में हरे रंग की चूड़ियां पहनने वाली महिलाओं पर भगवान विष्णु की कृपा बरसती है। कुछ ज्योतिषियों का मानना है कि हरा रंग प्रकृति से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण इसका सीधा असर आपके भाग्य पर पड़ता है। सावन के महीने में महिलाओं का हरा रंग धारण करने से उनके सुहाग की सलामती का आशीर्वाद भी मिलता है।

इतना ही नहीं हरे रंग का संबंध बुद्ध ग्रह से भी होता है। ज्योतिषियों के मुताबिक जिन लोगों की कुंडली में बुध ग्रह कमजोर होता है, उन लोगों को हरे रंग के कपड़े पहनने के सलाह दी जाती है। बुध रंग का संबंध करियर और व्यापार से जुड़ा होता है। जब भी कोई हरा रंग धारण करता है तो बुध का बुरा प्रभाव कम होने लगता है और घर में संपन्नता आती है।

ज्योतिषियों के मुताबिक जिन शादीशुदा दंपत्तियों के जीवन में लड़ाई-झगड़ा या अनबन चल रही है, उनके बेडरूम के दक्षिण पूर्वी हिस्से में हरे रंग का पेंट करवा देना चाहिए। ऐसा करने से दंपती का जीवन खुशहाल हो जाएगा।

## सावन में नवविवाहिता क्यों चली जाती हैं मायके

हिंदू धर्म में सावन के महीने का काफी महत्व है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि इस महीने में भगवान शिव की पूजा करने वालों की मनोकामना पूरी होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में कुछ काम ऐसे होते हैं, जिन्हें करने की मनाही होती है। सावन के महीने में कई त्योहार आते हैं, जैसे की नाग पंचमी, तीज आदि। मान्यताओं के मुताबिक इस महीने में नवविवाहिताओं को अपने मायके में रहकर ही इन त्योहारों को मनाना चाहिए। सावन के महीने में स्त्रियों के अपने मायके जाकर त्योहार मनाने से उनके पति की आयु लंबी होती है तो वहीं उनका दांपत्य जीवन भी खुशहाल रहता है।

जानकारों के अनुसार सावन के महीने में शारीरिक संबंध नहीं बनाने चाहिए, ऐसा करने से सेहत पर विपरीत असर पड़ता है। आयुर्वेद भी इसे स्वीकार करता है। आयुर्वेद के अनुसार सावन के महीने में व्यक्ति के अंदर रस का संचार ज्यादा होता है। रक्त का संचार बढ़ने की वजह से शारीरिक संबंध बनाने की भावना बढ़ती है। विशेषज्ञों का कहना है कि सावन के महीने में गर्भ ठहरने के कारण होने वाली संतान मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों की ऐसी परंपरा बनाई गई है, जिससे इस महीने में नवविवाहित स्त्रियां अपने मायके जा सकें और उनके होने वाले बच्चे को किसी तरह की कोई बीमारी न हो। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को काम का शत्रु माना जाता है। पौराणिक कथा के मुताबिक एक बार सावन के महीने में कामदेव ने भगवान शिवजी पर बाण चलाया था, जिससे शिवजी को गुस्सा आ गया और कामदेव को भस्म कर

## सांप दिखना शुभ है या अशुभ



सांप एक ऐसा जीव है जिसे शास्त्रों में पूजनीय बताया गया है। भगवान महादेव भी सर्प को एक आभूषण के रूप में स्वीकार करते हैं। जो लोग इस पर विश्वास करते हैं वो इससे जुड़े शकुन और अपशकुन को भी मानते हैं। शास्त्रों में सांपों को लेकर बताए गए शकुन और अपशकुन इस प्रकार है-

- यदि शिवलिंग पर सांप लिपटा हुआ दिखाई दे तो यह भी बहुत शुभ शकुन होता है। ऐसा होने पर व्यक्ति को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।
- किसी मंदिर में सांप दिखना भी शुभ माना जाता है। ऐसा होने पर व्यक्ति की मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं।
- मरा हुआ सांप देखना अशुभ माना जाता है। अतः यदि कहीं मरा हुआ सांप दिखाई दे तो भगवान शिव से क्षमा याचना करनी चाहिए और शिवलिंग पर जल, कच्चा दूध चढ़ाएं।
- किसी आवश्यक कार्य पर जाते समय कोई सांप आपके सीधे हाथ की ओर से रास्ता काट दे तो यह शुभ शकुन माना जाता है। ऐसा होने पर कार्य में सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।
- यदि किसी व्यक्ति को नाग-नागिन प्रणय करते दिखे तो इसे अशुभ माना जाता है। ऐसे में व्यक्ति को नाग-नागिन के सामने रुकना नहीं चाहिए। यदि उनके प्रेम में विघ्न पड़ता है तो यह व्यक्ति के लिए खतरनाक हो सकता है। अतः ऐसे स्थान से तुरंत चले जाना चाहिए। नाग-नागिन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।
- यदि बाएं हाथ की ओर से कोई सांप आपका रास्ता काट दे तो आपको सावधान होकर कार्य करना चाहिए। ऐसा होने पर कार्यों में असफलता के योग बनते हैं।
- यदि कोई व्यक्ति सफेद सांप देखता है तो यह शुभ माना जाता है। ऐसा होने पर व्यक्ति को सफलता मिलती है।

स्पीड न्यूज

## सास-बहू के झगड़े का मामला पहुंचा थाना

**बेरमो।** सास-बहू के झगड़ा का एक मामला बेरमो महिला थाना पहुंचा। ढ़ोरी बस्ती सौतारडीह की बुजुर्ग महिला बिमला देवी ने महिला थाना प्रभारी ज्योति कुमारी को बताया कि उसकी बहू ललिता देवी ने गाली.गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। सास ने पुलिस पदाधिकारी को मारपीट से बने निशान को दिखाया। दूसरी ओर बहू ललिता देवी ने सासएपति और गोतनी पर भी मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। महिला थाना की प्रभारी ने बताया कि उपयुक्त सास.बहू के झगड़े का मामला थाना मे आते रहता है। पूर्व मे थाना मे दोनो के बीच समझौता भी कराया गया थाए लेकिन उसका कोई असर नही दिख रहा है।

## डॉ उषा सिंह ने स्कूल को दिये 20 जोड़े बेंच-डेस्क

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अपने पति स्व डॉक्टर रविंद्र कुमार जी के पुण्य तिथि पर बेरमो की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उषा सिंह के सौजन्य से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को 20 जोड़े बेंच डेक्स सप्रेम भेंट किया गया बताते चलें कि एक सप्ताह पूर्व उच्च विद्यालय के सचिव श्री अनिल अग्रवाल जी के साथ विद्यालय आई थी स्वयं की प्रेरणा से बच्चों के लिए बेंच डेक्स देने के बाद कही थी। वही सचिव अनिल अग्रवाल ने उन्हें अंग वस्त्र देकर स्वागत कर आभार जताया मौके पर प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह सुरेश श्रीवास्तव जी काजल मंडल निरल कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## डीवीसी चिकित्सकों ने डॉ बीसी राय को दी श्रद्धांजलि

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी के शहीद तिलकामांझी मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सकों ने अस्पताल में आयोजित एक समारोह में बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बीसी राय को अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ने डॉ राय की जीवनी पर प्रकाश डालता हुए कहा कि स्व राय ऐसे प्रसिद्ध चिकित्सक थे जो मरीज के चेहरा देखकर उसके बीमारी बता देते थे। मौके पर डॉ केपी सिंह, डॉ एके श्रीवास्तव, डॉ परमवीर कुमार, डॉ लक्ष्मण सोरेन, डॉ एस हेंब्रम, डॉ सुनंदा मंडल, डॉ निधि सिन्हा, डॉ अनुपम सिन्हा, डॉ त्रिपाठी, डॉ गोराई, सिस्टर मधु, रागिनी, वर्षा, रश्मि साहू, प्रेमलता, सुधा, बसंत कुमार महापात्रा, एस के सिंह आदि मौजूद रहे।

## बोकारो : प्राचार्य को दिया श्रेष्ठ महर्षि सांदीपनि सम्मान

**बोकारो।** संकल्प सृजन बोकारो द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास को परम गुरु श्रेष्ठ महर्षि सांदीपनि सम्मान 2023 से अलंकृत किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वेद सनातन वर्णाश्रम धर्म के मूल और सबसे प्राचीन ग्रंथों का ज्ञानए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। डीएवी संस्थान देश.विदेश में शिक्षा के साथ वेद उपनिषद आदि के पठन.पाठन में अग्रसर रहा है। इस अवसर पर संकल्प सृजन के ध्रुव शर्माए साध्वी झाए डॉ बीण्वी कश्यपए व राजेंद्र कुमार एवं अन्य सदस्यगण सहित विद्यालय के शिक्षक.शिक्षिका उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य और दीदी सम्मानित

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आषाढ़ पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर प्रह्लाद वर्णवाल सचिव समाजसेवी श्री अनिल अग्रवाल प्रधानाचार्य कावलजीत सिंह के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई विद्यालय के आचार्य और दीदी जी को विद्यालय के अध्यक्ष और सचिव एवं समिति सदस्य के द्वारा गुरु के सम्मान हेतु अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने आचार्यों को किया सम्मानित

### सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में आचार्य सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में प्रो सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति के जिला विभाग निरीक्षक विवेक नयन पांडे ने कहा हम शिक्षक नहीं आचार्य हैं। उन्होंने कहा कि हम आचरण से शिक्षा देते हैं। हमारा कार्य बच्चों को उनके रुचिकर विषय में ज्ञान अर्जन करने के लिए प्रेरित करना है। नई शिक्षा नीति में शिक्षा का माध्यम कौशल शिक्षा होगा। स्कूल प्राचार्य सुनिल कुमार पाठक ने कहा हमें बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान में बांधने की जरूरत नहीं है। हमें एक महान मानव का निर्माण करना है। प्रो सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक खुद को जलाकर ज्ञान का प्रकाश बच्चों में भरता है। सेवानिवृत्त हुए आचार्य मोहन कुमार सिन्हा ने कहा हमें हर कार्य निष्ठापूर्वक करना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्या रंजना सिंह व कार्यक्रम प्रमुख अभय शंकर पांडे और मंच संचालन संतोष कुमार झा ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक नयन पांडेय, आर एस एस सिंदरी नगर कार्यवाह शशिकांत पांडे, स्थानीय प्रबंध कारिणी समिति उपाध्यक्ष प्रो सुधीर कुमार सिंह, डॉ राजीव कुमार वर्मा, सचिव शशि भूषण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, आचार्य मोहन कुमार सिन्हा, प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, प्राचार्या रंजना सिंह सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित थे।



### स्वामी सत्यानंद योग आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव

**गोविंदपुर।** धनबाद रोड लाल बंगला स्थित स्वामी सत्यानंद योग आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। योगाश्रम संचालक स्वामी योगरत्न सरस्वती के नेतृत्व में आयोजित उत्सव में बड़ी संख्या में दूरदराज के श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। स्वामी ने गुरु की महिमा का बखान किया और कहा कि गुरु ईश्वर से भी बड़े हैं । मौके पर प्रार्थना, पूजन , भजन, आरती, गुरु वंदना आदि कई कार्यक्रम हुए।

### बस्तकोला में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा



धनबाद। गायत्री शक्तिपीठ बस्तकोला में गुरु पूर्णिमा भव्य रूप से मनाया गया । कार्यकर्म विधिवत रूप से संपन्न हुआ, तथा विभिन्न प्रकार के संस्कार जैसे पुंसवन नामकरण विद्यारंभ दीक्षा संस्कार संपन्न हुआ, इसके पूर्व 25 घंटे का अखंड जाप मे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया । साथ ही प्रखर प्रज्ञा अव सजल श्रद्धा ( गुरु जी अव माता जी ) का पूजन संस्कार सहित किया गया । इसमें आज भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे, इस दौरान महाप्रसाद का भी वितरण किया गया, हवन राजकुमारी शर्मा , जागृति शर्मा, दुलारी पाठक द्वारा संपन्न कराया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में विभूति शरण सिंह, नरेश भट्ट, ममता सिंह, महेश प्रसाद गुप्ता, एके गौतम, अरविंद सिंह, उमा शर्मा, जितेंद्र सिंह मिडिया प्रभारी महीला प्रकोष्ठ के आरती शर्मा जिला मिडिया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## झरिया विधायक पूर्णिमा ने रचा विकास का इतिहास : रत्नेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव जी के नेतृत्व में धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार झरिया नगर में वार्ड संख्या 43 का अध्यक्ष शेख सोहराब एवम वार्ड संख्या 45 का अध्यक्ष शेख शेराज को बनाया गया। साथ में इन दोनों के साथ दर्जनों लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की रत्नेश यादव ने कहा की कांग्रेस पार्टी जन जन तक पहुंच कर आम जनमानस की समस्याओं से अवगत होगी और समाज के अंतिम पायदान तक खड़े आदमी को राज्य सरकार से लाभान्वित कराने का काम करेंगी। झरिया विधायक ने जो विकास 3.5 साल में कर के दिखा दिया । 40 साल पहले तक ऐसा विकास नहीं हुआ था। आज आम जनों को सरल तरीके से अपने जनप्रतिनिधि से मिलकर अपना काम करवा पाते है। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप मिर फिरोज रवि सिंह से राजू और इरफान उपाध्यक्ष फहीम, हुसैन, नाजिम, जाकिर, तोहिद, मन्नू, आबुस्लाम, मो आजम, वाहिद भोलू मो शेड, मो अमीर खान मो चांद गुड्डू मनोहर राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## धनबाद जिला डेकोरेटर एसो. ने द रिवाज मैरिज हॉल का किया बहिष्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कतरास बाजार श्यामडीह में स्थित द रिवाज मैरिज हॉल के मालिक रंजीत सिंह पर डेकोरेटर ,फूल वाले, कैटरिंग एवं पंडाल वालों लाइट वालों से कमीशन मांगने का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है।

बताते चलें कि द रिवाज मैरिज हॉल के मालिक रंजीत सिंह के खिलाफ कैटरिंग का काम करने वाले विजय पांडेय के द्वारा धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन एवं कतरास शाखा को द रिवाज में काम करने के एवज में कमीशन मांगने का लिखित शिकायत किया गया था। उपरोक्त मामले को लेकर सोमवार को कतरास बाजार स्थित रानी सती मंदिर में धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के 4 शाखाओं की बैठक जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कतरास शाखा महुदा शाखा बाघमारा शाखा एवं मलकेरा शाखा के अध्यक्ष सचिव एवं सभी सदस्य मौजूद थे।

बैठक में विजय पंडित द्वारा अपने साथ घटी घटना का विस्तार पूर्वक जिक्र धनबाद जिला अध्यक्ष के सामने किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि द रिवाज में किसी पार्टी का शादी का काम उन्होंने लिया था, जिसके एवज में रंजीत सिंह ने उनसे 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की। कमीशन देने पर मना करने के कारण रंजीत सिंह के द्वारा विजय पंडित के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज किया गया। विजय पंडित ने बताया कि इस तरह का घटना सिर्फ उनके साथ नहीं हुआ बल्कि वहां काम करने वाले कई लोगों के साथ रंजीत सिंह के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया है।

## जांच केंद्र के खिलाफ सिविल सर्जन से शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** क्लिनिक लैब धनबाद जांच के नाम पर मुद्रा मोचन एवं भया दोहन कि शिकायत झरिया के मोहित कुमार बर्मन ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं सिविल सर्जन धनबाद से किया उन्होंने पत्र में लिखा है। कि वह स्वयं लिवर रोग से ग्रसित है अपने चिकित्सक के परामर्श अनुसार अल्ट्रासाउंड एस्पिरेशन के लिए क्लीनिक लैब धनबाद गया जहां उसे रोग को गंभीर बता काफी डरा दिया गया। और पैतालीस सौ रुपया ले लिया और डॉक्टर समीरन बनर्जी ने कहा कि आपके लीवर से पस तीन या चार बार निकालना होगा। जिसके लिए प्रत्येक बार आपको 4500 रुपया पे करना होगा मैं अत्यंत गरीब परिवार से हूं और 6000 रुपया की प्राइवेट नौकरी करता हूं ।मैं दूसरी बार अल्ट्राटेक जांच घर गया जहां उसी कार्य हेतु मात्र 2000 रुपया लिया गया। वहां के डॉक्टर प्रमोद कुमार जी ने कहा कि एक बार में ही लीवर से पस निकाला जा सकता था। इससे स्पष्ट होता है कि क्लीनिक लैब जांच घर प्रबंधक द्वारा मेरे साथ ठगी करने का कार्य किया है । इसलिए इसकी शिकायत जिला के अधिकारियों से किया हूं ताकि और किसी गरीब के साथ भया दोहन व मुद्रा मोचन ना हो। वहीं पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने सिविल सर्जन आलोक कुमार विश्वकर्मा से मिल मोहित कुमार बर्मन की शिकायत को गंभीरता से लेने की बातें कहीं । उन्होंने कहा कि जिले के सभी जांच घर में मूल्य तालिका बोर्ड की अनिवार्यता सुनिश्चित कराई जाए एवं चिकित्सकों द्वारा अपने चहेते जांच घर में जांच कराने की बाध्यता को समाप्त किया जाए ।ताकि किसी गरीब मजबूर असहाय लोग इलाज के नाम पर बर्बाद ना हो। और साथ में क्लीनिक लैब के द्वारा दिया गया कच्चा पावती विपत्र की भी जांच हो प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव मोहित बर्मन प्रमोद प्रमाणिक बंटी बर्मन मिथिलेश राय बिहारी वर्मा फंटूश चौधरी सुरेंद्र कुमार मधु मुखर्जी थे।

## बोकारो : घटिया फोरलेन सड़क निर्माण पर किया विरोध प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय उकरीद से गरगा पुल भाया नयामोड़ निमार्णाधीन फोरलेन सड़क में निर्माण कम्पनी के द्वारा अनियमितता और लापरवाही के खिलाफ पदयात्रा पश्चात भाजपा नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने नयामोड़ में विरोध प्रदर्शन किया। सड़क किनारे लगे पेड़ और लोहे के बिजली खम्भों को बिना उखाड़े कम्पनी द्वारा चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है।

## झारखंड-बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक 3 जुलाई सोमवार को निरसा के बड़मुड़ी हरि मंदिर प्रांगण में हुई। समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 23 वर्ष हो गए। इस दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं ने राज्य में बांग्ला भाषा को हांसिए पर लाकर रख दिया। सभी ने इस समृद्ध भाषा को फुटबॉल समझा और जो भी आया एक शॉट लगाकर चलते बना।लेकिन सच्चाई यह भी है कि सभी राजनीतिक दल जानते हैं कि अगर बांग्ला भाषा-भाषी एक हो गए, तो झारखंड को चलाना आसान नहीं होगा। इसका असर अगले साल होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जरूर दिखेगा। चुनाव से पहले बंग भाषी एकजुट होकर निर्णय लेंगे। समिति के प्रखंड अध्यक्ष बबलू दास ने कहा कि बांग्ला भाषा के साथ भेदभाव के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत निरसा से होगी। जो भाषा के पक्ष में आवाज उठाएंगें, अगले चुनाव में बांग्ला भाषी 26 जातियों के लोग एकजुट होकर उसके पक्ष में वोट देंगें। उन्होंने प्राथमिक से लेकर उच्च विद्यालयों में बांग्ला भाषा की पढ़ाई कराने व इसके लिए बांग्ला शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। सुलेखा बागाती की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उज्जवल डे, लालमोहन खेमरई, समीर, जानकी डे, गणेश वागती, जोहर मोदक, भीम रवा, रूप बाउरी, डोटी बाउरी, निली बाउरी उपस्थित थे।

## शिक्षा सहित नैतिकता, एकता का पाठ पढ़ाते हैं विद्यालय: विनय चौबे

### डीपीएस, बोकारो का स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं समयनिष्ठा, कौशल, अनुशासन, नैतिकता, टीम भावना और एकता भी सीखाते हैं। यह कहना है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव विनय कुमार चौबे का। डीपीएस बोकारो के 37वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय में हम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सहित स्वस्थ प्रतियोगिता सीखते हैं। उन्होंने 37 वर्षों की इसकी यात्रा के गौरवपूर्ण अतीत की चर्चा करते हुए उत्तरोत्तर विकास के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सम्मानित अतिथि जिले के डीसी कुलदीप चौधरी तथा बीएसएल के ईडी सह डीपीएस के प्रो.वाइस चेयरमैन राजन प्रसाद ने कहा कि वस्तुतः डीपीएस बोकारो शैक्षणिक उत्कृष्टता के जरिए राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने स्कूल के सफर व उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए इसमें विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

## रात में बिजली कटी रहने से सिंदरी के लोगों को परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी टाउनशिप निवासी विगत एक महिने से दिन में नहीं सिर्फ रात में बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। लो वोल्टेज की समस्या भी लगातार बनी हुई है। वहीं क्षेत्र के कनीय अभियंता से लेकर महाप्रबंधक तक को जानकारी के बाद भी किसी ने क्षेत्र में आने की जरुरत महसूस नहीं की। वाह री सिंदरी और इसमें रहनेवाले निवासी एफसीआईएल सिंदरी के बंद होने से पूर्व के समय की विधुत व्यवस्था को भूला नहीं पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड एफसीआईएल सिंदरी के समय वाली बिजली व्यवस्था तो नहीं दे सकता है। कम से कम अपनी सेवा ही दुरुस्त कर ले। बिजली को लेकर कई बार उच्चस्तरीय बैठकों के बावजूद सिंदरी में बिजली सुधरने का नाम नहीं ले रही है। ओवरलोड का बहाना बनाकर बिजली विभाग लो वोल्टेज की समस्या से निजात पा रहे हैं। वहीं प्रतिदिन रात में बिजली रानी गायब हो जाती है और बिजली विभाग के स्थानीय कर्मी उसे खोजने और ठीक करने में लगे रहते हैं।

## पर्यावरण संरक्षकों को पौधा देने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के प्रधान कार्यालय पर्यावरण मित्र आश्रम सेक्टर थ्री ई में कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि बरसात के मौसम में बोकारो सहित पूरे झारखंड में वृक्षारोपण हेतु हर जिला में स्थित पर्यावरण संरक्षकों को पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। स्थानीय पर्यावरण मित्र वाटिका तथा गर्ग गंगा उद्यान में दुर्लभ जड़ी बूटी और फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण में प्रदेश की जनता को भी सहभागी बनाने हेतु आह्वान करते हुए कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से ऑक्सीजन की कमी हो गई है, जिसकी भरपाई वृक्षारोपण करके ही की जा सकती है। रघुवर प्रसाद ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में रघुवर प्रसाद, लक्ष्मण शर्मा, बबलू पांडेय, गौरी शंकर सिंह, शैलेंद्र तिवारी, वीरेंद्र मिश्र, गजेंद्र सिंह, मोहन राणा, मुकेश पाण्डेय, अभय कुमार गोलू, ललित प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# नंदी सेवा ट्रस्ट ने लगाया कांवरिया सेवा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** नन्दी सेवा ट्रस्ट पुटकी, धनबाद के द्वारा इस सावन के पावन महीना में सभी कावरिया को सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नंदी सेवा ट्रस्ट के द्वारा सुलतानगंज से देवघर काँवरिया पथ राजबाड़ा कटोरिया में निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया है ।इस शिविर में बोलबम कावरियों के लिये विशेष निशुल्क सेवा जैसे गर्म पानी,नीबू पानी,एकुवाप्रेसर से चिकित्सा सेवा,चाय,सुबह का नास्ता, दोपहर का भोजन,एवं रात्रि भोजन के साथ विश्राम आलय की सम्पूर्ण निःशुल्क सेवा की ब्यवस्था की गई है ।यह सेवा पूरा सावन महीना नन्दी सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजन किया गया।

### मौके पर थे मौजूद

मंगलवार को शिविर का उदघाटन सुबह 11 बजे राजबाड़ा कटोरिया में सम्पन्न होगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ जितेंद्र यादव ,नीरज झा, विकाश कु चौधरी, बीरेन गोप, हीरा शर्मा, मनोज कु महतो, राकेश सिंह, राजेश यादव, अशोक यादव, मनोज कु झा, बबलू बर्नवाल, बबलू सिंह, उत्तम चौधरी, अमर चटर्जी, संदीप मांझी, दीपक बर्नवाल, महेश गोप, मनोज अग्रवाल, अशोक राणा, भोला शर्मा, राजू पासवान, बिजेंद्र पासवान, रामदेव महतो, सतेंद्र केवट, संजय बर्नवाल, दुवारिक शर्मा, गुड्डू गुप्ता,रणधीर मिश्रा, नरेश कुमार, सुदर्शन सिंह, कामेशर पासवान, मनीष सिंह, जितेंद्र सिंह, आनंद चौधरी मंतोष झा आदि सैकड़ो लोग इस अयोजम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है।

## पेज 3 का शेष

### मंत्रोच्चारण के साथ ऐतिहासिक...

मंत्री ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की अगुवाई में हम सभी मिलकर बाबा के भक्तों का स्वागत करेंगे। देवघर अपने भव्य स्वरूप के साथ बाबाधाम आने वाले सभी कांवरियों के अभिनंदन के लिए तैयार है। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को और भव्य बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। इस साल ज्यादा भक्तों के आने की संभावना है। उसी के अनुरूप प्रशासन की तैयारी भी होनी चाहिए। मंत्री से अधिकारियों से कहा कि भक्तों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही श्रावणी मेले को लेकर रांची स्थित पहाड़ी मंदिर समेत राज्य के तमाम शिवालयों में सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। **सोमवार को स्पर्श पूजा का अंतिम दिन था :** सावन माह में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए इस बार भी स्पर्श पूजा को बंद करवाकर जलार्पण के लिए अरघा की व्यवस्था की गयी है। सोमवार को स्पर्श पूजा का अंतिम दिन है। कांवरिया पथ पर भी कांवरियों का पहुंचना शुरू हो चुका है। भारी बारिश के बाद भी लगी लंबी कतार देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर अब बाबा नगरी बोलबम के नारों से गुंजायमान हो रही है। बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में वीआईपी, वीवीआईपी और आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूरी तरह से रोक लग गयी है। मंत्री बादल पत्रलेख ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश मार्ग और निकास, सुरक्षा व्यवस्था, पूजा-अर्चना करने की व्यवस्था सहित अन्य स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने देवघर जिला प्रशासन और सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को हरेक दिन की व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को पर्यटन मंत्री के प्रतिनिधि संजय शर्मा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने भी संबोधित किया। कांवरिया पथ पर गंगा नदी की बालू बिछायी गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा न हो।

### शपथ लेते ही बेबी ने...

**दूसरे गेट से राजभवन पहुंचे सीएम :** खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मेन गेट की जगह दूसरे गेट से राजभवन में प्रवेश किया। इस दौरान राजभवन के बाहर ऊहापोह वाली स्थिति बनी रही। किसी को समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हुआ। बेबी देवी का शपथ ग्रहण समारोह दरबार हॉल में आयोजित हुआ, वहां जगह की कमी है। ऐसे में सेलेक्टिव लोगों को ही आने की अनुमति थी।

### सीबीआइ ने तेजस्वी यादव के...

**तेजस्वी यादव पर क्या है आरोप :** रेलवे में जमीन के बदले नौकरी के घोटाले में तेजस्वी यादव दिल्ली के सबसे पॉश इलाके न्यू फ्रेंडस कॉलोनी के अपने आलीशान बंगले के कारण फंसे हैं। सीबीआई और ईडी का आरोप है कि रेलवे के घोटाले से ये बंगला खरीदा गया। दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के इस बंगले का नंबर है डी-1088. चार मंजिले इस बंगले का रजिस्ट्रेशन मैसर्स एबी एक्सपोटर्स प्रा. लि. के नाम पर है। इस कंपनी के मालिक तेजस्वी यादव हैं। जांच एजेंसियों का आरोप है कि इस संपत्ति को रेलवे घोटाले से जुटाए गये पैसे से खरीदा गया। तेजस्वी इस बंगले का उपयोग अपने आवास के रूप में करते हैं। 2004 से 2009 तक केंद्र की मनमोहन सिंह की सरकार में लालू यादव ने रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में लोगों को नौकरी देने के बदले उनसे जमीन ही ली थी। आरोप है कि करोड़ों की जमीन को कौड़ियों के भाव खरीदा हुआ दिखाया गया। कुछ लोगों ने तो लालू यादव के परिजनों को गिफ्ट में जमीन दे दी थी।

### कोडरमा, दुमका में भारी बारिश...

ज्यादा चढ़ाई होने के कारण गाड़ी आगे चल नहीं पा रहा थी। ऐसे में लोको पायलट ने गाड़ी को आगे चलाने के लिए कंट्रोल रूम से बैंकर (इंजन) लगाने की मांग की। सोमवार करीब 5:50 बजे ट्रेन में बैंकर लगाकर परिचालन को सुचारू किया गया। नीलांचल के रुकने के कारण उसके पीछे चल रही गाड़ी नयी-दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस पहाड़पुर स्टेशन पर सुबह 4:40 से 7:08 बजे तक खड़ी रही। नयी-दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस टनकुप्पा स्टेशन पर और नयी- दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस बंधुआ स्टेशन लंबे समय तक खड़ी रही। दर्जन भर मालगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। रेल परिचालन पर हुए असर का कारण कंट्रोल कम्यूनिकेशन में फेल्योर और बसकटवा के पास होम सिग्नल के फेल्योर को भी माना जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## प्रधानमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर लोगों को बधाई दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को ट्वीट संदेश में कहा, समस्त देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की अनंत शुभकामनाएं।

## प्रधानमंत्री के आवास पर उड़ता दिखा ड्रोन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7 लोक कल्याण मार्ग आवास पर सोमवार की सुबह एक ड्रोन उड़ता दिखायी दिया। दिल्ली पुलिस इसकी जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार प्रधानमंत्री का आवास 'नो फ्लाइंग जोन' में आता है। सूचना मिली थी कि उनके आवास के ऊपर एक ड्रोन उड़ता दिखायी दिया है। लेकिन, इस तरह के किसी भी ऑब्जेक्ट के बारे में अब तक पता नहीं चला है।

## समान नागरिक संहिता स्वागतयोग्य कदम : मीनाक्षी

**नयी दिल्ली।** समान नागरिक संहिता को केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने स्वागत योग्य कदम बताया है। सोमवार को एक कार्यक्रम के बाद मीनाक्षी लेखी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं समानता की हकदार हैं।

## इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पापुआ प्रांत में सोमवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूभौतिकी एजेंसी ने कहा है कि सुनामी की कोई संभावना नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन पर 33 किलोमीटर (20.51 मील) की गहराई पर था। भूकंप की वजह से किसी के हताहत होने या कोई गंभीर नुकसान की जानकारी सामने नहीं आयी है।

## गुरुग्राम में शुरू हुआ स्टार्टअप-20 शिखर कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में सोमवार से दो दिवसीय स्टार्टअप-20 शिखर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। केंद्रीय कॉमर्स एवं इंडस्ट्री राज्य मंत्री सोमप्रकाश ने विधिवत रूप से इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर स्टार्टअप-20 चेयर डॉ चिंतन वैष्णव व भारत की ओर से जी-20 शेरपा अमिताभ कांत भी मौजूद रहे।

## एनआइए ने की छापेमारी, 4 हिरासत में

**मुंबई/नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने इस्लामिक स्टेट (आइएस) साजिश से संबंधित एक मामले में पुलिस और खुफिया एजेंसियों की मदद से महाराष्ट्र में कई स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में चार और पुणे में एक स्थान पर छापेमारी की गयीद्ध सूत्रों ने बताया कि चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### अश्विनी वैष्णव ने लांच किया 6जी अलायंस, कहा

# 6जी प्रौद्योगिकी में देश को रखना होगा 10 फीसदी पेटेंट का लक्ष्य

**केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत अब बना दूरसंचार प्रौद्योगिकियों का निर्यातक**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में अब 6जी लाने की तैयारी शुरू कर दी है। दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में 6जी अलायंस को लांच किया।

अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को भारत 6जी अलायंस के उद्घाटन कार्यक्रम के बाद कहा कि भारत अब दूरसंचार प्रौद्योगिकियों का निर्यातक बन चुका है। इसके पास पहले से ही 6जी प्रौद्योगिकी से जुड़े करीब 200 पेटेंट हो चुके हैं। इस दिशा में जारी प्रयासों को गति देने के लिए भारत 6जी गठजोड़ का मंच तैयार किया गया है।




वैष्णव ने कहा कि यह गठजोड़ देश में कार्यरत अधिक संस्थानों और कंपनियों को 6जी प्रौद्योगिकी के लिए अधिक पेटेंट आवेदन करने के लिए मिलकर काम करने को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को वर्ष 2030 तक वैश्विक 6जी पेटेंट में 10 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि भारत आज विश्व में तीन सबसे बड़े 5जी इको सिस्टम में शामिल हो गया है। देश में 5जी की 2,70,000 साइट तैयार हो गयी है। उन्होंने कहा कि पहले दूरसंचार क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) जुटाना एक बड़ी चुनौती होती थी, लेकिन वर्ष 2014 से लेकर 2023 के पिछले नौ साल में यह बढ़कर 24 अरब डॉलर के करीब पहुंच चुका है।

## भारत की मेजबानी में आज होगा एससीओ शिखर सम्मेलन

**नयी दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों का 22वां शिखर सम्मेलन मंगलवार को होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत इसकी मेजबानी करेगा। यह सम्मेलन आभासी यानी वर्चुअल प्रारूप में होगा। भारत ने 16 सितंबर, 2022 को समरकंद में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में इसकी अध्यक्षता ग्रहण की थी। इस बार शिखर सम्मेलन का विषय एक सुरक्षित एससीओ की ओर है। 2018 एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा सिक्योर (सुरक्षित) का अर्थ सुरक्षा, अर्थव्यवस्था व व्यापार, कनेक्टिविटी, एकता, संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता का सम्मान और पर्यावरण बताया था। एससीओ की भारत की अध्यक्षता के दौरान इन विषयों पर प्रकाश डाला गया है। भारत का दावा है कि उसकी अध्यक्षता में एससीओ के सदस्य देशों के बीच गतिविधियां बढ़ीं और सहयोग भी बढ़ा। भारत ने 14 मंत्रिस्तरीय बैठकों सहित कुल 134 बैठकों और कार्यक्रमों की मेजबानी की है। सभी एससीओ सदस्य देशों को शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## बदलाव की अटकलों के बीच पीएम ने की कैबिनेट की बैठक



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित कन्वेंशन सेंटर में मंत्री परिषद के साथ बैठक की। यह बैठक मंत्रिपरिषद में बदलाव की अटकलों के बीच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। संसद का मानसून सत्र भी 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद के साथ एक सार्थक बैठक रही, जहां हमने विभिन्न नीति संबंधी मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की थी।

सूत्रों के मुताबिक बैठक में मंत्रालयों से जुड़ी केंद्र की योजनाओं के कार्यान्वयन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री की ओर से बैठक में आगामी पांच राज्यों के विधानसभा और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एक राजनीतिक संदेश भी दिया गया है। इसके अलावा, सरकार मानसून सत्र की तैयारियों में भी जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जिस कन्वेंशन सेंटर में बैठक की है, इसी में जी20 शिखर सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा।

## प्राकृतिक खेती को बनाया जा रहा है पाठ्यक्रम का हिस्सा : तोमर

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए अलग से पाठ्यक्रम तैयार कर कृषि शिक्षा में जोड़ा जा रहा है, जो निश्चित रूप से वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप होगा।

तोमर ने सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास मधुमास का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) देश में आयी, जिसका समावेश कृषि शिक्षा में हो, इसके लिए काफी काम किया गया है, जो विद्यार्थियों के भविष्य को निखारने में बहुत मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने व इनके समाधान के साथ देश-दुनिया की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में किसानों के साथ ही हमारे कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

तोमर ने कहा कि कृषि का क्षेत्र हम सब के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आज हम जिस पड़ाव पर खड़े हुए हैं, वहां तक पहुंचने में किसानों के साथ ही वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन, बदलते परिवेश और जलवायु परिवर्तन के दौर में और आने वाले कल में बढ़ने वाली मांग के दृष्टिगत व दुनिया की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निश्चित रूप से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। तोमर ने केमिकल फर्टिलाइजर से बचते हुए, वैकल्पिक रूप से प्राकृतिक खेती व जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## राजनीतिक दल वित्तीय लेखा-जोखा ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे

**नयी दिल्ली।** राजनीतिक दल अब वित्तीय लेखा-जोखा ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने तीन विवरण दाखिल करने के लिए एक वेब पोर्टल तैयार किया है। इस पोर्टल से राजनीतिक दल अब योगदान रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक खाता और राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव व्यय विवरण जमा करा सकेंगे। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी है। इसके पीछे आयोग के दो उद्देश्य हैं। एक दाखिल करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना और दूसरा, एक मानकीकृत प्रारूप में समय पर लेखा जोखा दाखिल करना सुनिश्चित कराना। डाटा की ऑनलाइन उपलब्धता से अनुपालन और पारदर्शिता के स्तर में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## छात्रों को रुचि के अनुसार करियर चुनने में मदद करें अभिभावक : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली/मुद्देनहल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने माता-पिता और शैक्षणिक संस्थानों से कहा कि वे छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने और आगे बढ़ने में मदद करें। राष्ट्रपति सोमवार को कर्नाटक के मुद्देनहल्ली में श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस (एसएसएसयूएचइ) के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के बढ़ते दबाव के कारण छात्रों में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षाओं में सफलता ही उनकी क्षमताओं का एकमात्र मापदंड नहीं है। आपका व्यक्तित्व,



आचरण और चरित्र आपकी शैक्षणिक उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों से छात्रों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने और उन्हें उनकी रुचि के अनुसार करियर चुनने और आगे बढ़ाने में मदद करने का भी आग्रह किया।

राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सभी छात्रों को उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान कर रहा है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को निःशुल्क छात्रावास सुविधाएं प्रदान करके उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी समाज और देश की प्रगति के लिए मूलभूत आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए सस्ती और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बुद्ध की शिक्षाएं युवाओं को सशक्त बनायेंगी : द्रौपदी मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को युवाओं से बुद्ध की शिक्षाओं से सीखने, खुद को समृद्ध बनाने और एक शांतिपूर्ण समाज, एक राष्ट्र और दुनिया के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। आषाढ़ पूर्णिमा, धर्म चक्र प्रवर्तन दिवस समारोह पर एक रिकॉर्डेड संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध की तीन शिक्षा – शील, सदाचार और प्रज्ञा – का पालन करके युवा पीढ़ी खुद को सशक्त बना सकती है।

## दिल्ली सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने विज्ञापनों पर खर्च राशि का मांगा ब्योरा

**नयी दिल्ली।** सप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) परियोजना के निर्माण के लिए धन देने में असमर्थता जताने को लेकर दिल्ली सरकार को सोमवार को फटकार लगायी। साथ ही, उसे पिछले तीन वित्तीय वर्षों में विज्ञापनों पर खर्च किये गये धन का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह धनराशि आरआरटीएस खंड के निर्माण के लिए दी जानी है, जो राष्ट्रीय राजधानी को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ेगा। न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने 'आप' सरकार को दो सप्ताह के भीतर विज्ञापन पर खर्च का ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार के वकील ने पीठ को बताया था कि धन की कमी है और वित्तीय मदद करने में असमर्थता व्यक्त की थी।

# राकांपा के प्रफुल्ल, सुनील सहित पार्टी से अलग हुए नौ विधायक निलंबित

**दोनों गुटों ने किया राकांपा पर दावा**

**मुंबई (हि.स.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को पार्टी के कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सांसद सुनील तटकरे सहित पार्टी से अलग हुए नौ विधायकों को निलंबित कर दिया है। इसी बीच, राकांपा के कार्याध्यक्ष पटेल ने दावा किया कि वे ही पार्टी हैं और उन पर कार्रवाई का सवाल ही नहीं उठता है। प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार को सांसद सुनील तटकरे को राकांपा का महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बनाने के साथ ही अजीत पवार को विधानमंडल का नेता और अनिल पाटिल को चीफ व्हिप घोषित किया है। पटेल और अजीत ने संयुक्त रूप से कहा कि उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ही हैं। इसके बाद राकांपा नेता जीतेंद्र आव्हाड ने पत्रकारों को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के मामले में जो निर्णय दिया है, वह ऐतिहासिक है। इस निर्णय में साफ कहा गया है कि विधायक दल का नेता, चीफ व्हिप, प्रदेश अध्यक्ष आदि नियुक्त करने का सर्वाधिकार पार्टी के अध्यक्ष के पास ही है। राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार को बताये बिना नौ विधायकों ने पार्टी विरोधी काम किया है। साथ ही, दो लोगों ने इन लोगों को पार्टी विरोधी काम करने के लिए प्रेरित किया। इसी वजह से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कहने पर ही दो सांसदों सहित नौ विधायकों को पार्टी से निलंबित किया गया है। राकांपा में हुई फूट के बाद सोमवार को पार्टी के कई विधायकों ने कहा कि 5 जुलाई को होने वाली पार्टी की बैठक के बाद वे अपनी भूमिका स्पष्ट करेंगे।

### शरद पवार एक्शन मोड में, कल नेताओं और पदाधिकारियों को एफिडेविट के साथ बुलाया




**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में फूट के बाद पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार एक्शन मोड में आ गये हैं। सोमवार को सातारा जिले के कराड में पूर्व मुख्यमंत्री यशवंत राव चव्हाण के समाधि स्थल पर पहुंचकर शरद पवार ने कहा कि उनकी पार्टी को तोड़ने वालों को सबक सिखा देंगे। इसके साथ ही शरद पवार ने मुंबई स्थित यशवंत राव चव्हाण प्रतिष्ठान में 5 जुलाई को राकांपा नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक बुलायी है। इस बैठक में शरद पवार ने सभी को एफिडेविट के साथ आने के लिए कहा है।

## पाकिस्तान में आतंकवादी भारी, मुठभेड़ और हमलों में मेजर समेत छह की मौत

**क्वेटा।** पाकिस्तान में फौज पर आतंकवादी भारी पड़ रहे हैं। बलूचिस्तान के केच जिले में रविवार की रात मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोलियों ने एक मेजर और एक जवान की जान ले ली। इस घटना के कुछ घंटे पहले शेरानी जिले में तीन चौकियों पर एक साथ हुए हमलों में चार सुरक्षाकर्मियों की जान चली गयी। इस बीच एक संदिग्ध आतंकवादी भी मारा गया। पाकिस्तान फौज की मीडिया शाखा अंतर सेवा जनसंपर्क (आइएसपीआर) के प्रवक्ता ने केच मुठभेड़ में मेजर समेत दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के प्रवक्ता ने बयान जारी कर तीन सुरक्षा चौकियों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। आइएसपीआर ने कहा है कि इस मुठभेड़ में फौज ने अपने मेजर साकिब हुसैन और नायक बाकिर अली को खो दिया है।

## 'गदर-2' में नाना पाटेकर की एंट्री, फिल्म की शुरुआत होगी दमदार आवाज से



सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म 'गदर-2' सिनेमाघरों में 11 अगस्त को रिलीज होगी, लेकिन अब यह बात सामने आयी है कि सकीना और तारा सिंह की प्रेम कहानी में दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर की एंट्री होगी। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने इस बारे में ट्वीट कर फैंस को ये खुशखबरी दी। फिल्म 'गदर-2' में नाना पाटेकर का कोई रोल नहीं है, लेकिन उन्होंने इस फिल्म के लिए आवाज दी है। फिल्म की शुरुआत नाना पाटेकर की दमदार आवाज से होगी। तरण आदर्श ने इस बारे में ट्वीट किया है, जिसमें नाना पाटेकर डबिंग करते नजर आ रहे हैं। इस ट्वीट में तरण ने लिखा है- नाना पाटेकर ने फिल्म 'गदर-2' के लिए अपनी आवाज दी है। फिल्म की शुरुआत में नाना पाटेकर की आवाज में फिल्म के बारे में जानकारी दी जायेगी। इससे पहले 2001 में फिल्म 'गदर' में अभिनेता ओम पुरी ने आवाज दी थी, लेकिन चूंकि ओम पुरी अब जीवित नहीं हैं, इसलिए फिल्म 'गदर-2' नाना पाटेकर की दमदार आवाज के साथ शुरू होने जा रही है। 22 साल बाद सनी देओल और अमीषा पटेल को फिल्म 'गदर-2' देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का टीजर और पहला गाना रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से तूफानी प्रतिक्रिया मिली।

# शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** जुलाई के पहले कारोबारी दिन ही भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर तेजी का नया इतिहास रच दिया। शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी दिन ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने सोमवार को जबरदस्त छलांग लगाकर निवेशकों को मालामाल कर दिया। सिर्फ एक दिन के कारोबार में ही निवेशकों को करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ।

सेंसेक्स आज पहली बार 65 हजार अंक के ऊपर जाने और बंद होने में सफल रहा। इसी तरह, निफ्टी ने भी आज 19,300 अंक से ऊपर पहुंचने में सफलता हासिल की। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज एक बार फिर ट्रिपल रिकॉर्ड यानी ऑल टाइम हाई ओपनिंग, ऑल टाइम हाई लेवल और ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.75 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आप दिनभर के कारोबार में ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, एनर्जी, फाइनेंशियल सर्विसेज और मेटल सेक्टर में सबसे अधिक खरीदारी होती नजर आयी। दूसरी ओर आइटी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसकी वजह से बीएसइ के मिडकैप इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आयी तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 298.30 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया। जबकि, पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन, यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 296.48 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.82 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।



### वाणिज्य की खबरें

## 2000 रुपये के 76 फीसदी नोट बैंकों में आये वापस : आरबीआइ

**मुंबई/नयी दिल्ली।** देश में चलन में मौजूद 2000 रुपये के नोट वापस लेने के निर्णय के बाद 76 फीसदी यानी 2.72 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। इनमें से अधिकांश नोटों को लोगों ने अपने बैंक खाते में जमा कराया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने यह जानकारी दी है। आरबीआइ ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि 30 जून को कारोबारी समय समाप्त होने के बाद चलन में 2,000 रुपये के 84 हजार करोड़ रुपये के नोट रह गये थे। देश के विभिन्न बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दो हजार रुपये के जो नोट वापस आये हैं, उसमें से लगभग 87 फीसदी लोगों ने अपने बैंक खातों में जमा किये हैं, जबकि 13 फीसदी ने अन्य मूल्य के नोट से बदला है।

## केंद्र जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन का नियम जल्द करेगा अधिसूचित

**नयी दिल्ली।** केंद्र माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद से मंजूरी मिलने के बाद जल्दी ही जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन के लिए नियम अधिसूचित करेगा। इसके साथ ही सदस्यों की नियुक्ति करेगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क (सीबीआईसी) बोर्ड में सदस्य शशांक प्रिय ने यह बात कही। शशांक प्रिय ने सोमवार को उद्योग मंडल भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के यहां आयोजित जीएसटी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी परिषद से मंजूरी मिलने के बाद हम नियमों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया में हैं।

## इडी के समक्ष फेमा मामले में पेश हुए अनिल अंबानी दर्ज कराया बयान

**मुंबई/नयी दिल्ली।** रिलायंस एडीए (अनिल धीरूभाई अंबानी) समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन से जुड़ी जांच के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समक्ष पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक 64 वर्षीय अनिल अंबानी ने दक्षिण मुंबई स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी इडी के कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया। सूत्रों ने बताया कि फेमा की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक नए मामले में अनिल अंबानी का बयान दर्ज किया गया है। उद्योगपति अनिल अंबानी को किस मामले से जुड़ी जानकारी देने के लिए इडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश होना पड़ा, देर शाम तक यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सका है।



स्पीड न्यूज

### सर्पदंश से युवक की हुई मौत

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदरा निवासी नवल किशोर सिंह के 24 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार सिंह उर्फ सिटू सिंह की सांप काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिंटू को एक सप्ताह पहले रसैल वाइपर नामक सांप दिखा था, जिसे अजगर समझ कर सिट्टू उसे गले लपेट कर लोगों दिखाया भी और उसे मेंढ़क और आलू खिलाने का भी काम किया। उसी दौरान रविवार को रसैल वाइपर नामक सांप अंगुली में काट लिया। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

### प्रेमी संग फरार महिला रेलवे स्टेशन से बरामद

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लतबेधवा में प्रेमी के साथ फरार विवाहिता को पुलिस ने रविवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन से बरामद करते हुए प्रेमी लतबेधवा निवासी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने विवाहिता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार विवाहिता के ससुर ने 16 जून को थाने में आवेदन देकर गांव के ही एक युवक चंदन कुमार राणा पर उनकी बहु को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

### रक्तउपलब्ध करवाकर बचाई जिंदगी

**कोडरमा।** रक्तवीर सेवा संघ संस्था द्वारा बेसहारा महिला को रक्त उपलब्ध कराकर महिला की जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार राजधनवार निवासी प्रियंका गुप्ता जो सदर अस्पताल में भर्ती है रक्त चढ़ाना अति आवश्यक था। जिसके बाद महिला के पति रक्तवीर सेवा संघ से संपर्क किया। जिसके बाद संघ के सदस्य संथापक राम वर्णवाल व सदस्य राजीव, सोनू श्रीवास्तव से संपर्क किया। जिसके बाद सदर अस्पताल में रक्त का व्यवस्था करवाया।

### बालिका ने अपना जन्मदिन अनाथालय के बच्चों के साथ मनाया

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई की प्रेरणा शाखा की सदस्या शीतल पोद्दार एवं मयुम के पूर्व अध्यक्ष आयुष पोद्दार की पुत्री अनाया का जन्मोत्सव कार्यक्रम ''आनंद सबके लिए'' कार्यक्रम के तहत होली फैमली स्थित अनाथ आश्रम के बच्चियों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर बच्चे कार्यक्रम में शामिल होकर आनंदित हुए।

### मुखिया ने ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह में सोमवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर चोपनाडीह स्थित गायत्री चेतना केंद्र में स्थानीय मुखिया पूनम देवी के द्वारा ग्रामीणों के बीच पौधा वितरण एवं मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान मुखिया ने उपस्थित ग्रामीणों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है, यह हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू-क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं।

### तेज वर्षा के कारण तीन घंटे तक रेल परिचालन रहा बाधित

**कोडरमा।** सोमवार की सुबह जिले में हुई तेज वर्षा से आम जनजीवन बेहद प्रभावित नजर आया। वहीं इसका असर रेल परिचालन पर भी पड़ा। बताते चलें कि बीती रात 3:30 बजे हुई भारी बारिश के कारण गया-कोडरमा रेलखंड के घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन में आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस (12876) रुक गई। इसकी सूचना मिलने पर रेल अधिकारी रेस हुए और परिचालन सुचारू करने की कोशिश करते रहे। वहीं नीलांचल एक्सप्रेस के रुक जाने के कारण कुछ ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा करना पड़ा, जबकि डाउन लाइन का परिचालन तीन घंटे तक बाधित रहा।

# उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला के सरकारी विद्यालय हो या आंगनबाड़ी केन्द्र, बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधा प्रदान करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इस निमित उपायुक्त आदित्य रंजन स्वयं विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, प्राथमिक विद्यालय बलरोटांड और कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बलरोटांड, आंगनवाड़ी केन्द्र कलीडीह, आंगनवाड़ी केन्द्र नावाडीह, डोमचांच प्रखंड अंतर्गत हुसैनाबाद में आंगनबाड़ी केंद्र, डोमचांच बाजार व सिंगलोडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किये।

उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका को निर्देश दिये कि बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समावेशी शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे और चार्ट पेपर के माध्यम से बच्चों को पढ़ायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का पोषण वाटिका को देखे और कहा कि पोषण वाटिका में लगाये पौधे और सब्जियों का नियमित देख रेख करेंगे। उन्होंने आंगनबाड़ी को नियमित साफ-सुथरा रखने की बात कही। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय और अन्य एक विद्यालय का भ्रमण कर प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं दूसरी ओर उपायुक्त ने झुमरीतिलैया नगर परिषद स्थित डीईजीएस कंप्यूटर प्रशिक्षण सेंटर और पुस्तकालय का निरीक्षण किये। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग व अन्य मौजूद थे।

## मयूम के द्वारा कोडरमा स्टेशन को उपलब्ध कराया व्हील चेयर



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मारवाड़ी युवा मंच अपने सामाजिक दायित्व के तहत कोडरमा रेलवे स्टेशन के सीटीआई अरविन्द कुमार को जरूरतमंद यात्रियों के मदद के लिए व्हील चौयर उपलब्ध कराया। वहीं सीटीआई अरविन्द कुमार ने कहा कि मंच के द्वारा जो सार्थक पहल की जा रही है वह सराहनीय है। जून माह स्टेशन परिसर को वाटर कूलर उपलब्ध कराया था जिससे 1500 से 2 हजार यात्री व रेलकर्मी आरपीएफ इसका लाभ ले रही हैं। वहीं मंच के अध्यक्ष राज पसीचिया ने कहा कि गौरी शंकर पचीसिया के स्मृति में यह व्हील चौयर उपलब्ध कराया गया है। उन्होनें कहा कि मंच का उद्धेश्य समाज सेवा है और समय समय पर मंच के द्वारा जरूरतमंदों की सेवा की जाती है। उन्होने यह भी बताया कि मंगलवार को नगर पर्षद के सहयोग से झरनाकुंड मंदिर के रास्ते में फलदार पौधे लगाने का कार्य किय जायेगा। वहीं जुलाई माह में मंच के द्वारा गौ आहार कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में डी क्लब के माध्यम से मधुमेह जागरूकता शिविर सावन माह में कांवरियों के लिए सेवा का कार्य किये जायेगो। मौके पर संजय ढोल्या, शिवेश पचीसिया, अजय शर्मा, विनायक पचीसिया के अलावा महिलाएं एवं रेलकर्मी मौजूद थे।

## पतंजलि योग समिति ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, किसान सेवा समिति, महिला पतंजलि के तत्वावधान में सोमवार को पुरानी बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा उत्सव ूमााम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य अतिथि पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, योग प्रशिक्षक सुशील केषरी, प्रदीप केषरी, सत्यनारायण दुबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में सुशील केषरी के द्वारा दैनिक योगाभ्यास, गुरु पूजन, हवन यज्ञ और गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। मौके पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि हमारे जीवन में गुरुओं का अहम महव है। गुरु हमें सत्य, निष्ठा, अहिंसा के साथ ार्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने गुरु पूर्णिमा की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आचार्य बालष्ण के द्वारा संचालित किए जा रहे पांच बड़े प्रकल्प - भारतीय शिक्षा बोर्ड (भारतीय शिक्षा पद्धति), पतंजलि वैलनेस (स्वदेशी चिकित्सा पद्धति), स्वदेशी उत्पाद, गौ पालन, जैविक खेती के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने कहा भारतीय शिक्षा बोर्ड में आानिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक सनातन संसति का समावेश किया गया है। जिसके फलस्वरूप देश में निष्ठावान, संस्कारवान, राष्ट्रभक्त का निर्माण हो सकेगा। कार्यक्रम के अंत में निरंतर योग कक्षा चलाने वाले योग शिक्षक उपकार गुप्ता, संजय सक्सेना, प्रदीप कुमार केषरी, नागेंद्र तिवारी, सुशील केषरी एवं संतोष कुमार कश्यप को फुल माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से योगेश साक चंचला केषरी, हीरालाल अग्रवाल, सोशल मीडिया जिला प्रभारी विवेकानंद पांडेय, गोपाल मिश्रा, सूर्यदेव दुबे, श्रवण कुमार, अमोद कुमार, विजय सोनी, संतोष कुमार कश्यप, माुबाला देवी, रेनू देवी, अनुराा गुप्ता, उषा देवी, पूनम देवी लालमणि देवी, रामदास साहू, इंदु भूषण मिश्रा, रामाार सिंह, संजय पांडेय, विष्णु सागर, दिलीप कुमार शर्मा, राम नारायण प्रसाद, शिव कुमार गुप्ता, ष्ण गोपाल आर्य, रामप्रवेश कुशवाहा, सुरेंद्र विश्वकर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



यज्ञ करते लोग

## गुरु शिष्य का सम्मान सामाजिक बदलाव का संकेत : मिथिलेश

### महर्षि वेदव्यास जयंती पर शिक्षक सह विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास जयंती गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में शिक्षक सह विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित निषाद समाज से पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर तथा जिले के शिक्षा के क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गढ़वा-पलामू से आये लगभग 300 छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गढ़वा विाायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने समस्त शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बााई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी को एक जगह लाकर सम्मानित करना सामाजिक बदलाव का संकेत है। इस तरह के कार्यक्रम से शिक्षक और छात्र-छात्राओं को नई ऊर्जा मिलेगी। बल्कि इससे भी ज्यादा मेहनत करके समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए काम करेंगे। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महर्षि वेदव्यास परिषद सह विकासशील इंसान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. प्रो. राजकुमार ने भगवान वेदव्यास के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वेदव्यास जी चारों वेद, अठारह पुराण और महाभारत की रचयिता थे। इनके मार्गों पर चलकर ही समाज में शिक्षा का प्रचार, प्रसार सम्भव है। विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट यूआर रामेश्वरम ने कहा कि मेहनत के बल पर किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल की जा सकती है। पुलिस की नौकरी करना हमारी प्राथमिकता है। हमारे लिए राष्ट्रसेवा सर्वोपरि है। भाजपा नेता अलख पांडेय ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र से बच्चों की प्रतिभा को जिला मुख्यालय में लाकर सम्मान देना बहुत बड़ी बात है। इससे ग्रामीण बच्चों को भी आगे बढ़ने की जिज्ञासा बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि समाजसेवा हमारी प्राथमिकता है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दिखाने के लिए प्रयासरत रहता हूं। सामाजिक कार्यों से ही समाज की दिशा व दशा बदलेगी। मौके पर गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, जरही मुखिया महेन्द्र चौधरी, डंडा मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौधरी, चेचरिया मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, हासनदाग मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र चौधरी, फरठिया बीडीसी संजय चौधरी, प्रदेश के पदाधिकारी प्रेम चौधरी, ललन चौधरी, बिनोद चौारी, प्रेमलाल चौारी, दामोदर चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, विद्वत परिषद के जिला अध्यक्ष चन्द्रदेव चौधरी, नारी शक्ति परिषद के गढ़वा जिला अध्यक्ष शारदा चौधरी, युवा परिषद के जिला अध्यक्ष शिव कुमार चौधरी, युवा परिषद के पलामू जिला अयक्ष ललन चौारी, कामेश्वर चौारी, वंशी चौारी, वीआईपी प्रदेश महासचिव बचनदेव चौधरी सहित काफी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अयक्षता गढ़वा जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी एवं मंच संचालन सुमेर कुमार चौधरी ने किया। सम्मानित किये गये लोगों में डॉ रेयाज अहमद, उमेश राम, रविंद्र कुमार ओझा कृष्ण मुरारी पांडेय, सुजीत कुमार यादव, राजेंद्र राम, नंद गोपाल भगत, अनिल कुमार विश्वकर्मा, हरिनंदन त्रिपाठी, सुनील कुमार ठाकुर, अरुण मेहता, नीलम द्विवेदी, प्रभात रंजन सिंह, अजय कुमार मिंज, विनोद राम, कुसुम कुमारी, क्रिस्ट किरण कुजुर, अंजना केशरी, अजय प्रसाद सेठ, गोपीचंद चौधरी, सीताराम चौधरी, गोरखनाथ तिवारी, सुनीता कुमारी सिंह, राकेश कुमार चौधरी, कमलेश चौधरी, वीरेंद्र सिंह, कामेश्वर उपायाय, शिवानी केशरी, आशा कुमारी, भारती कुमारी, नीरज सिंह, बाबूलाल सिंह, राम प्रदीप राम, पांडेय पवन कुमार, अमित गुप्ता, आलोक कुमार चौधरी का नाम शामिल है।



संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## गौ हित में जल्द निर्णय लेगी समिति, गौशाला का होगा विकास

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सह कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व प्रवक्त राजीव रंजन प्रसाद पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार चतरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ऐतिहासिक मां भद्रकाली के दरबार मे हाजरी लगाकर माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि आने वाली सात तारीख को राज्य के सभी गौ सेवा पदाधिकारियों की एक बैठक रखी गयी है। जिसमे गौ सेवा में हो रही परेशानियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौ चर जमीन पर गैर कानूनी तरह से स्थापित लोगों के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्य कर उन्हें उक्त स्थल से हटाने का कार्य किया जाएगा। राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी ने राजू गिरी का अभिनंदन किया। सी पी कबीर क्लब टुईलाडूंगरी में आयोजित कार्यक्रम में दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम पूजा कमिटी की ओर से राजू गिरी को शॉल, बुके और माला भेट कर अभी अभिनंदन किया। पूजा कमिटी के वरिष्ठ पाधिकारियो के द्वारा स्मृति चिन्ह भी भेट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू गिरी ने कहां की राज्य के साथ साथ जिला में भी गौ रक्षा को लेकर विशेष कार्य करने की दिशा में पहल की जाएगी। साथ की गौशाला का निरीक्षण कर उसके जरूरतों के हिसाब से सहयोग के लिए राज्य सरकार से आग्रह किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर सांसद और विधायकों से भी इस दिशा में पहल करने का अनुरोध किया जाएगा। जिला प्रशासन के साथ बैठक कर दुधारू गाय और सुखी गाय के लिए अलग अलग सोच के साथ कार्य को प्रगति की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पूजा कमिटी के महासचिव दिनेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन किशोर कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष राज कुमार सिंह, खेमलाल चौधरी, अमोद सिंह, डॉक्टर संजय गिरी ने भी संबोधित किया और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किए। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बी श्रीनिवास राव, प्रशांत गिरी, दशमी पूर्ति, लक्ष्मण राव, रतन साहू, रंजीत गुप्ता, अजय साहू, मोहन साहू, चित्तो साहू, टी अनंत गणेश, पप्पू अग्रवाल, मदन साहू, चंद्रिका निषाद, सुदीप दास, कामेश्वर साहू, महावीर प्रसाद, दयाल साहू, मोतीलाल साहू, बिहारी लाल, रेमन कुमार, पप्पू साहू, राजेश कुमार, आशीष कुमार दत्ता, भूषण कुमार, बलकार सिंह, शांति पिंगुवा अमरीक सिंह मिक्के, भोला, आशीष प्रधान, शंकर पासवान, संजय शर्मा, दीपक साहू, हिमांशु प्रधान, पीताम्बर सिंह, राधेश्याम, संजय कालिंदी आदि काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।



## बृन्दा कोल माइंस को लेकर ग्रामीणो की बैठक सम्पन्न

**टंडवा (चतरा)।** सिसई वृन्दा कोल माइंस से जूडे प्रबुद्ध ग्रामीणो की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलेश सिन्हा और संचालन अरविंद पाठक ने किया। बैठक मे सांसद प्रतिनिधि ईश्वर पांडेय ,पंसस नीतेश राणा,जगदीश महतो समेत अन्य शामिल थे। बैठक मे कहा गया कि जिन जमीनो को पहले अभिजीत कंपनी ने खरीदा है उसका मुआवजा आज की तारीख मे नही मिलेगा तब तक माइंस का विस्तार संभव नही है। इतना ही नही पूर्व के कंपनियो ने किसानो से खरीदे जिन जमीनो का चेक बाउंस हुआ है उसका भी मुआवजा डालमिया प्रबंधन को आज देना होगा। इसके अलावे, रोजगार,बंदोबस्त लैण्ड मुआवजा, घर के मुआवजा और गावो की विकास समेत कयी ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा हुई।

एक नजर में

## तेज गति से जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें: डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कुंदा का नाम आते ही नाना प्रकार की समस्याओं की नई पुरानी यादें मस्तिष्क में गर्दिश करने लगता है। उपायुक्त अबु इमरान आज इस प्रखंड का दौरा किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय कुन्दा में समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में प्रखण्ड क्षेत्रों में किर्यान्वित विकास योजनाओं की समीक्षा की। लाभार्थियों को मिलने वाली योजनाओं के लाभ की पूर्ण जानकारी लिया। कुंदा को विकसित प्रखंड की श्रेणी में नाम दर्ज कारने को लेकर पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर तेज गति से जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। विकास कार्यों में पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने को कहा।

उक्त बैठक में अपरसमहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार, बीपीओ, पंचायत सेवक,रोजगार सेवक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## 6 साल बाद भी क्षतिग्रस्त जयप्रकाश डैम की नहीं हो पाई मरम्मत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत टंडवा गांव में स्थित जय प्रकाश डैम से इस वर्ष भी किसानों को पानी नहीं मिलेगा। जिसके कारण किसान काफी परेशान हैं। मानसून के एंट्री के बावजूद औसत से कम बारिश के कारण अभी तक किसान धान का बिचड़ा भी नहीं लगा पाए हैं। अगर डैम ठीक रहता तो अब तक बिचड़ा का बुआई हो जाता। वर्ष 2016 में तेज बारिश के बाद जय प्रकाश डैम टूट गया था। सात साल में भी डैम का मरम्मती नहीं हो पाया है। जबकि वर्ष 2013-14 में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की राशि से डैम का जीर्णोद्धार कराया गया था। तब किसानों को लगा था कि अब खेती बेहतर तरीके से होगा। पर किसानों का सपना सपना ही रह गया। वर्ष 2016 में डैम टूट गया। तब से अब तक डैम की मरम्मती नहीं हो पाई है। हांलाकि सांसद सुनील कुमार सिंह ने डैम का निरीक्षण भी किया है। जिससे लोगों में उम्मीद की किरण जरूर जगी है। डैम से लगभग एक दर्जन गांव के खेतों तक पानी पहुंचता था। जिससे खेती अच्छी होती थी। जब से डैम टूटा है तब से खेती प्रभावित है। मनुष्य तो मनुष्य पशुओं को भी पानी के लिए दिक्कत हो रही है।

## रमना पुलिस ने किया चोरी की घटना का उद्भेदन, पांच गिरफ्तार




प्रेस कॉन्फ्रेंस करती पुलिस निरीक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घटी लगातार चोरी की घटनाओं पर से पर्दा उठाने में रमना थाना पुलिस सफल रही। सोमवार दोपहर थाना परिसर में रमना थाना पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चोरी की घटना मे शामिल पांच लोगों की गिरफ्तारी व जप्त समानों की जानकारी दिया। पुलिस निरीक्षक स्वर्णलता कुजूर ने बताया कि रविवार की रात्रि रमना में एक फल दुकान में चोरी का प्रयास करते दो युवकों को गश्ती दल के द्वारा पकड़ा गया था। जिसकी पहचान रमना के सोनू कुमार रवि तथा विश्रामपुर थाना क्षेत्र के लालगढ़ बिहार निवासी शनि कुमार के रूप में की गई। पूछताछ के क्रम में दोनों ने मार्च 2023 में रमना के स्वर्ण वाटिका जेवर दुकान में भी अपने सहयोगियों के साथ चोरी की घटना को स्वीकार किया। सोनू और शनि के निशानदेही पर छापामारी दल में शामिल थाना प्रभारी ष्ण कुमार कुशवाहा, पुअनि विवेक पंडित, सअनि विरेंद्र कुमार व रमना थाना पुलिस के जवानों ने घटना मे शामिल रमना के टंडवा निवासी रामाकांत कुमार ठाकुर, रमना के परसवान निवासी अजुबा राज तथा कुंजु कुमार को गिरफ्तार कर इनके निशांनदेही पर चांदी का दो जोड़ा कनबाली, पायल एक जोड़ा, बिछिया एक जोड़ा, तीन का समूह में एक जोड़ा बिछिया तथा चार मोबाईल फोन बरामद करते हुए जप्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को न्यायिक हिरासत मे श्री बंशीार नगर भेज दिया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में कैलीग्राफी व स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया में सीसीए कार्यक्रम के तहत कैलीग्राफी और स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्लास वन से दसवीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं वर्ग एक से पांच तक के बच्चों के बीच कैलीग्राफी राइटिंग कंपटीशन हुआ। वहीं स्टोरी टेलिंग में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों ने भाग लिया। जबकि वर्ग नवम-दशम में स्वाति कुमारी को प्रथम, तनीषा शर्मा को द्वितीय और अर्णव कुमार को तृतीय स्थान मिला। वहीं विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं से बच्चों के बौधिक क्षमता का विकास होता है। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को बधाई दी और कहा कि विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास करना विद्यालय का लक्ष्य उद्देश्य है। आयोजन को सफल बनाने में प्रिंस वार्गीश, एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार, पायल सिंह, आशुतोष गौतम, कामिनी सहाय सीमा जैन, पियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, सरोज पांडेय, स्वीटी सिन्हा, कुंतल जेठवा, रूबी वर्मा, अल्का सिंह समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## कांवरियों की सेवा का जो भाव हंसडीहा में दिखता है वो और कहीं नहीं : प्रदीप

**सरैयाहाट।** हँसडीहा स्थित श्रावणी मेला प्रशासनिक शिविर सह टेंटसिटी का सोमवार को स्थानीय विधायक प्रदीप यादव व उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक प्रदीप ने कहा की कांवरियों की सेवा का जो भाव हर वर्ष हँसडीहा के लोगों में दिखता है उसे देख ऐसा लगता है की साक्षात ईश्वर उनमें विराजमान है। इस साल भी सभी लोग मिलकर सेवा भाव से कांवरियों की ऐसी सेवा करें की झारखण्ड से पूरी दुनिया को सावन के बेहतरीन प्रबंधन के लिए एक संदेश दें।

## कांवरियों के लिए भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सरैयाहाट।** हंसडीहा शिविर के उद्घाटन समारोह में मयूराक्षी कला मंच के द्वारा लगाए गये सांस्कृतिक मंच में दिल्ली टुंक छैला म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की गई। जिससे शिविर में पहुंचे लोग झूमने पर मजबूर हो गये। भजनों की शुरुआत गणेश स्तुति की साथ प्रारम्भ की गई। ज्ञात हो की प्रतिवर्ष हंसडीहा प्रशासनिक शिविर में कांवरियों के लिए भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। हँसडीहा में इस वर्ष कांवरियों के लिए 300 बेड की टेंटसिटी बनाई गई है। जिसमें आवासन की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही कांवरियों को स्वच्छ पेयजल और शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध है।

## शिक्षा से वंचित लोगो के लिए काम करना है जरूरी: डॉ सपन

**बासुकीनाथ।** भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 सिविल सेवा समिट 2023 का आयोजन भारत के हृदय स्थली मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुई। सम्मेलन में भारत समेत 20 देशों के सदस्यों और कई देशों के उच्चायुक्त शामिल हुए। जी 20 के सेवा समिट में प्रदेश के शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेटिव काम करने वाले शिक्षक डॉ सपन कुमार को विशेष तौर पर आमंत्रित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ सपन ने कहा कि यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में कोरोना महामारी के कारण कई मिलियन बच्चे स्कूल से ड्रॉप आउट हो गए हैं। बड़ी संख्या तक विश्व स्तर में शिक्षा की पहुंच नहीं बन पाई है। डॉ सपन ने कहा कि दुनिया का एक बड़ा वर्ग जो गरीब है। उनके बच्चें तक आज भी बुनियादी शिक्षा नहीं पहुंची है। शिक्षा से दूर गरीब घर के बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना विकास का सही अर्थ साबित हो सकता है।

## दो कर्मियों को सेवा से बर्खास्त करने का दिया गया निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने जयनगर के परसाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य सेवक व केंद्र के प्रतिनियुक्त एएनएम गायत्री कुमारी को सेवा से बर्खास्त करने को लेकर सिविल सर्जन को प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश जारी किया है। साथ ही केंद्र के परिवार कल्याण कार्यकर्ता मनोज कुमार प्रियदर्शी एवं एएनएम गीता कुमारी के संबंध में पाई गई गड़बड़ियों को लेकर उनके वेतन निकासी पर रोक के अलावा विभागीय कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिया है। ल्लेखनीय है कि उपायुक्त ने 8 मई को उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान वहां पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मियों के संबंध में कई प्रकार की गड़बड़ियां पकड़ी थी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि केंद्र के बरामदे व कमरे में धूल जमी है। साथ ही परिसर के अंदर बड़ी बड़ी झाड़ियां उगी हुई है। निरीक्षण के दौरान वहां कार्यरत परिवार कल्याण कार्यकर्ता मनोज कुमार प्रियदर्शी व एएनएम गायत्री कुमारी अनुपस्थित पाई गई थी। वहीं स्वास्थ्य सेवक छोटी राम सूचना के बाद अस्पताल पहुंचे थे। साथ ही उक्त कर्मी के अलावा वहां उपस्थित अन्य कर्मियों ने केंद्र से बिना छुट्टी के अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर अनुपस्थित पाई गई एएनएम गायत्री कुमारी के संबंध में वहां उपस्थित स्वास्थ्य सेवक छोटी राम ने उपायुक्त को बताया कि वह क्षेत्र भ्रमण में लिए गई हुई है।

### बासुकीनाथ धाम में राजकीय श्रावणी मेला का विधिवत हुआ उद्घाटन

# मेला को सफल बनाने में स्थानीय लोग हर संभव करें सहयोग, सरकार आपके है साथ: कृषि मंत्री

### श्रावणी मेला का कृषि मंत्री बादल ने नारियल फोड़कर व दीप प्रज्जवलित कर किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता




दीप प्रज्ज्वलित कर मेला का उद्घाटन करते मंत्री, योजनाओं का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य, स्मारिका का विमोचन करते मंत्री व अन्य, उपस्थित लोग

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2023 का विधिवत सोमवार को शुभारंभ सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने नारियल फोड़कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। मंदिर के पंडा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मेले का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने शांतिपूर्ण, आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रावणी महोत्सव सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा हम सभी के लिए यह अवसर है कि अपनी जिम्मेवारी को समझें। सभी के भागीदारी के बिना इतना बड़ा आयोजन कतई सफल नहीं हो सकता है। कांवरियों को बेहतर तरीके से पूजा कराना ही सच्ची भक्ति होगी। मेला को ओर भी कैसे बेहतर बनाया जाये। इस पर राज्य सरकार कार्य कर रही है। मंत्री ने कहा कि सभी मिलकर मेले का सफलता से आयोजन करें, ताकि यहां आनेवाले देवतुल्य श्रद्धालू अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। भीड़ बढ़ेगी, बेहतर तरीके से इसका संचालन करना है। कृषि मंत्री ने जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए, कहा कि जिन्होंने इतने बड़े आयोजन में अपनी भूमिका निभाई है। यह तैयारी एक दिन नहीं बल्कि पूरे वर्ष की है। विभिन्न विभागों से समन्वय का परिणाम है कि इस वर्ष इतनी बेहतरीन सुविधा श्रद्धालुओं को उपलब्ध करायी गयी है। कहा कि बासुकीनाथ के चारों ओर सड़क और सभी जरूरी कार्य बहुत कम समय में पूर्ण किए गए हैं। मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी और श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो इसके लिए जगह-जगह पर हाई मास्ट लाइट लगाए जाएंगे। श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सभी जरूरी सुविधा यात्रा के दौरान मिले। इसके लिए मुख्यमंत्री लगातार प्रयासरत हैं। कहा कि अगले वर्ष गंगा नदी का बालू बासुकीनाथ तक बिछवाने का कार्य करेंगे। बासुकीनाथ के लोगों के द्वारा गौशाला की मांग लगातार की गई है। अगले वर्ष तक गौशाला की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि स्थानीय दुकानदार एवं स्थानीय लोग सहयोग प्रदान करें। सरकार आपके साथ है। बासुकीनाथवासियों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगा। बासुकीनाथ, जरमुंडी के साथ-साथ अलग अलग स्थानों पर जरेडा के तहत कुल 16 हाई मास्ट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में बासुकीनाथ में कई महत्वपूर्ण कार्य विश्राम गृह, पार्क आदि बनाये जाएंगे। 2 माह का श्रावणी मेला है सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह सभी समुदाय या धर्म से जुड़े लोगों का मेला है। सभी धर्म के लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस मेला से जुड़े हैं। इतने बड़े आयोजन में कहीं अगर चूक होती है तो मीडिया सकारात्मक रूप से इसे प्रशासन के समक्ष लाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि लगभग 200 करोड़ के राशि का काम बासुकीनाथ और आस-पास के लोगों के लिए किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में लोगों को बासुकीनाथ और भी भव्य और आकर्षक देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल ने कहा कि श्रावणी मेला में बासुकीनाथ आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। इस वर्ष 2 महीने का श्रावणी मेला का आयोजन किया जाना है। सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी धैर्य के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। स्थानीय लोगों का सहयोग अपेक्षित है। श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो इसे हम सभी को मिलकर सुनिश्चित करना है। श्रावणी मेला से हजारों लोगों का रोजगार जुड़ा है। श्रद्धालुओं से बेहतर व्यवहार हमारा रहे। जिससे बेहतर संदेश लेकर जाने के बाद श्रद्धालू अपने गांव-शहर में यहां के व्यवस्था की चर्चा करेंगे। इस दौरान गीत बाहर कला दल के द्वारा गणेश वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अभय कांत प्रसाद, डीआइजी सुदर्शन मंडल, डीसी रवि शंकर शुक्ला, एसपी अंबर लकड़ा, डीडीसी अभिजीत सिन्हा, जिप अध्यक्षा जॉयेस बेसरा, एसडीओ कौषल कुमार, जिप उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, बीडीओ, धर्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रांची, पंडा धर्मरक्षिणी सभा बासुकीनाथ के अध्यक्ष मनोज पंडा सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य को लेकर बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के गुमो में स्थित केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य को लेकर एसडीओ संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में कोडरमा सीओ, विद्यालय के प्राचार्य, अंचल निरीक्षक, भवन निर्माण करने वाले संवेदक शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले विद्यालय के निर्माण कार्य से संबंधित सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं एसडीओ श्री मीना ने विद्यालय के निर्माण करने वाले संवेदक से कहा कि विद्यालय का सबसे पहले बाउंड्री वॉल का निर्माण करें और निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का बाधा या समस्या उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तुरंत दें। निर्माण कार्य के लिए मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी ताकि निर्माण कार्य में किसी तरह का बाधा उत्पन्न न हो। वहीं उन्होंने कहा कि अधिकारी और संवेदक आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सीओ अनिल कुमार, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, अमीन व संवेदक मौजूद थे।

## पुष्पम राज ने स्टेट शूटिंग चैंपियन शिप में चतरा को दिलाया गोल्ड मेडल

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के ग्राम दंतार निवासी पंकज कुमार के होनहार पुत्र पुष्पम राज ने13वें झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में यूथ कैटेगरी में चतरा को गोल्ड मेडल दिलाने में सफलता प्राप्त किया है। इस सफलता पर घर एवं क्षेत्र के लोग काफी गौरांवित महसूस कर रहे है। ग्रामीणों ने खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन पर बधाई दिया है और उनके उज्वल भविष्य की कामना किया है। पुष्पम राज ने 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में अपने जिले के लिए गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रहे।

## सिमरिया की शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे, जमीन पर बैठ बच्चे कर रहे पढ़ाई

अशोक कुमार

**सिमरिया।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंवटा में इन दिनों शिक्षक कुणाल किशोर सिंह के द्वारा विद्यालय के कमजोर बच्चों को जमीन पर बैठा कर पढ़ाई करवाने का मामला प्रकाश में आया है। साथ हीं बच्चों से काम कराने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं शिक्षक क्लास रूम में कम कार्यालय में बैठे रहने का मामला आया है। ज्ञात हो की पत्रकारों के एक टीम सोमवार को उत्कर्मित मध्य विद्यालय केंवटा पंहुचा जहां देखा की शिक्षक कुणाल किशोर सिंह क्लास रूम से गायब थे और ऑफिस में बैठकर आराम फरमा रहे थे। पूछे जाने पर कहते है कि मुझे जो करना है कर रहा हूं। वहीं विद्यालय के कक्षा 4 के छात्रों के द्वारा बाल्टी में अंडे के छिलके विद्यालय परिसर से बाहर फेंकवाया जा रहा था। गौर तलब है की इस विद्यालय में एससी और एसटी वर्ग के अधिक छात्र छात्राएं पढ़ाई करते है सरकार छात्रों के पठन पाठन के लिए लाखो रुपए प्रतिदिन खर्च करते है गरीब असहाय वर्ग के बच्चे अच्छी तरीके से पठन-पाठन कर अपने भविष्य को सुधारें लेकिन इस विद्यालय में छात्रों को मजदूर बनना पड़ रहा है यह दुर्भाग्य है। कब तक बच्चे केवल पढ़ाई के नाम पर केवल स्कुल जाते रहेंगे। और शिक्षा से महरूम रहेंगे।



बाल्टी से अण्डे का छिलका फेंकते बच्चे



जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे

### सरकार के अनोखे शिक्षा मॉडल से आगे की शिक्षा से 800 से ज्यादा छात्राएं वंचित

## शिक्षा से वंचित हो रही छात्राओं की हो वैकल्पिक व्यवस्था : चन्दन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के अनोखे शिक्षा मॉडल से कई विद्यार्थी नवम कक्षा में नामांकन से वंचित हो गए है। इसका सबसे ज्यादा असर बालिका शिक्षा पर पड़ा है। सरकार के इस फैसले से जिला मुख्यालय के बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय की 800 से ज्यादा छात्राएं आगे की शिक्षा से वंचित हो गयी हैं।

गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने इन छात्राओं की आवाज बनकर डीसी से मुलाकात की और उनके नवम में नामांकन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की मांग की। बता दें कि जिला मुख्यालय के बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, रामासाहू उच्च विद्यालय और गोविंद प्लस टू विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाया गया है। इन तीनों विद्यालयों में अब सीबीएसई पैटर्न पर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दी जानी है। इसके लिए नवम कक्षा में नामांकन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिया जा रहा है। नामांकन के लिए सरकार ने अधिकतम 120 सीट ही निर्धारित किया है। जिला मुख्यालय के बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय की बात करें तो वहां प्रतिवर्ष नवम कक्षा में 800-900 बच्चियों का नामांकन लिया जाता था। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र और आसपास की छात्राओं के शिक्षा के लिए यह एक मात्र संस्थान है। इस वर्ष इस स्कूल में मात्र 120 छात्राओं का ही नामांकन नवम वर्ग में लिया जा रहा है। शेष छात्राओं की पढ़ाई कैसे और कहां होगी, इसपर सरकार और शिक्षा विभाग का रुख अब तक स्पष्ट नहीं है। लेकिन युवा समाजसेवी सह सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल इस जटिल समस्या को लेकर गम्भीर हो गए हैं। उन्होंने डीसी को मांग पत्र सौंपकर वर्ग नवम विशेष रूप से शहरी एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं के नामांकन से वंचित होने की गंभीर समस्या से अवगत कराया। मांग पत्र में कहा गया है कि इस वर्ष राज्यकृत बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया गया है जिसके फलस्वरूप जाँच परीक्षा के बाद मात्र 120 छात्राओं का नामांकन हो रहा है, प्रति वर्ष गढ़वा शहर के सहिजना, टण्डवा, सोनपुरवा, चिनियां रोड, दीपुंवा, बाजार क्षेत्र, नगवां, उंचरी गढ़देवी मुहल्ला, साई मुहल्ला मेन रोड आदि मुहल्ले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 800-900 छात्राओं का नामांकन बालिका विद्यालय गढ़वा में होते आ रहा है। शिक्षा के नए मॉडल से 800 से ज्यादा छात्राओं के सामने नवम कक्षा में नामांकन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। जिससे गढ़वा शहर एवं आसपास के ग्रामीणों क्षेत्र की छात्राओं का कक्षा नवम् में नामांकन नहीं हो पा रहा है। जिससे बच्चियों का शैक्षणिक भविष्य अधर में आ गया है। इस कारण बच्चियों के अभिभावक भी काफी परेशान हैं। डीसी ने इस समस्या के निदान के लिए प्रयास करने की बात कही है।




बालिका उच्च विद्यालय व चन्दन जायसवाल

## नल जल योजना में अनियमितता बरती जा रही है: ममता कुमारी

**चतरा।** विकास भवन के सभा कक्ष में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिषद बोर्ड की बैठक में हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने क्षेत्र की पांच महत्वपूर्ण प्रस्तावों को रखा। राजकीय मध्य विद्यालय सलैया को छात्र एवं छात्राओं के हित को देखते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्र के गरीब एवं असहाय बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। प्रखंड अन्तर्गत सभी पंचायतों में नल जल योजना में संवेदक एवं विभाग की मिलिभगत से काफी अनियमितता बरती जा रही है जांच कर कार्यवाई की जाए। अस्पताल प्रबंधन समीति की बैठक प्रमुख की अध्यक्षता में होना है परंतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बिना बैठक किए ही अवैध तरीके से पैसे का निकासी कर रहे हैं।जिसे जांच कर कार्रवाई की जाय। हंटरगंज के जोरी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का नया भवन बनकर तैयार है। फिर भी छात्राएं पुराने भवन में ही हैं।

एक नजर में

## चंद्रचुड़ प्रसाद सिंह बने मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी

**गढ़वा।** ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत चंद्रचुड़ प्रसाद सिंह को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर का विषेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) बनाया गया है। उनकी सेवा वापस लेते हुए मंत्री के विषेष कार्य पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति की गई है। श्री सिंह योग्य एवं कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उनकी बेहतर कार्य शैली को देखते हुए उन्हें ओएसडी बनाया गया है। जल संसाधान विभाग की अधिसूचना संख्या 3595 दिनांक 28/06/2023 द्वारा विभाग में सेवा प्राप्त चंद्रचुड़ प्रसाद सिंह प्रभारी सहायक अभियंता को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (मुख्यालय) के रिक्त पर पर पदस्थापित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर का विषेष कार्य पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसका आदेष पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड से निर्गत कर दिया गया है।

## संगीत कला महाविद्यालय में मना गुरू पूर्णिमा महोत्सव

**गढ़वा।** शहर के संगीत कला महाविद्यालय में सोमवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव ूमााम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा कर की गई। तत्पश्चात सारे छात्र-छात्राओं ने अपने गुरु प्रमोद सोनी को तिलक लगाकर अंग वस्त्र सप्रेम भेंट दिया। इस दौरान मां सरस्वती की वंदना गीत राग दरबारी में एवं गुरु वंदना राग भैरवी में बहुत ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। मौके पर मोहित केशरी ने कहा कि 2011 से मैं संगीत कला महाविद्यालय में अपने गुरु प्रमोद सोनी से संगीत की शिक्षा ग्रहण करना शुरू किया। सात वर्षो में प्रभाकर की डिग्री हासिल किया। गुरु के आशीर्वाद और शिक्षा के बदौलत ही बनारस बीएचयू में भी म्यूजिक की डिग्री हासिल किया। इंद्रदेव राम ने कहा कि जिस वक्त मैं संगीत सीखना शुरू किया उस वक्त लोग मुझे ताना देते थे कि संगीत सिख कर क्या करोगे। लेकिन मैं सभी के बातों को दरकिनार करते हुए लग्न के साथ संगीत सीखता चला गया और प्रभाकर (बीए) की डिग्री हासिल किया। गुरु के आशीर्वाद का फल है कि संगीत टीचर के रूप में सरकारी नौकरी प्राप्त किया। मौके पर संजय कुमार, रंजीत किशोर, विवेक शर्मा, पूर्णिमा कुमारी, परिाि गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पीसीसी पर किया जा रहा है पीसीसी, जर्जर सड़क आज भी बदहाल

**सिमरिया।** प्रखण्ड के सबानो गाँव में इन दिनों पूर्व से बने पीसीसी ग्रामीण सड़क पर हीं पुनः पीसीसी बनाया जा रहा है। वहीं उसी गाँव में कई सड़क ऐसे हैं जो आज भी अपनी बदहाली पर आसूं बयां कर रहा है और कह रहा है कि कौन ऐंसा फरिस्ता आएगा जो मेरा बदहाली को ठीक करेगा। बता दें कि सबानो गाँव में पूर्व से बना सड़क को हीं टेंडर कर दिया गया। जबकि उसी गाँव में कई ऐसे ग्रामीण सड़क है जो बिल्कुल जर्जर है जो आने जाने लायक नहीं है और ग्रामीणों का परेशानी बढ़ी हुई है। इधर सवेंदक उसी पूर्व से बने पीसीसी सड़क पर महज तीन इंच से लेकर चार इंच का ढलाई कर वारे न्यारे कर खाना पूर्ति करने में लगे हैं। गौर तलब है कि टेंडर के हिसाब से पीसीसी सड़क बनाने के पहले जीएसबी करना है उसके बाद ग्रेड वन करना है उसके बाद छह इंच ढलाई करना है। इस तरह ढलाई से लेकर जीएसबी तक का रुपया सीधा सवेंदक का पैकिट में चला जा रहा है। वहीं जहां पीसीसी नहीं है वहां भी वगैर जीएसबी और ग्रेड वन के सवेंदक द्वारा चार इंच पीसीसी ढलाई किया जा रहा है।

## खबर मंत्र अखबार में प्रकाशित खबर का हुआ असर, प्रारंभ हुआ गार्डवाल का कार्य

**सिमरिया।** प्रखंड के केंदू गांव स्थित कब्रिस्तान का बाउंड्रीवाल के साथ नदी किनारे बना गार्डवाल की पहली बारिश में ध्वस्त का मामला प्रकाशित किया गया था। मामला प्रकाशित होने पर अधिकारीयों के द्वारा मामले की संज्ञान लिया गया। जिसे लेकर संवेदक के द्वारा आनन फानन में टूटा हुआ गार्डवाल के निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं गार्डवाल निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसे लेकर सिमरिया प्रमुख रोहन साव ने मामले को संज्ञान लेकर जांच करवाने को कहा है।

## स्थापना दिवस पर कलश यात्रा व रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

**चंदवा।** प्रखण्ड के हुटाप पंचायत अंतर्गत बोरसीदाग स्थित महादेव शिव मंदिर बोरसीदाग का स्थापना सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सोमवार की अहले सुबह विधिवत कलश यात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई, गांव का भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा बोरसीदाग स्थित देवनद नदी तट पर पहुंची जहां पंडित रामकृष्ण मिश्र के सानिध्य में विधिवत पूजन व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमान बबलू मुंडा-किरण देवी व माताओं-बहनों ने कलश में जल ग्रहण किया गया। जिसके बाद श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, रुद्राभिषेक के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के युगेश मुंडा, शंकर साहू, महेंद्र लोहरा समय दर्जनों ग्रामीणों ने योगदान दिया।

## क्रेन ने महिला समेत दो बच्चे को कुचला, दोनों की मौत, जमकर हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र के एनएच-30 (एनएच-30) स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल के समीप मेट्रो निर्माण एजेंसी के हाइड्रा क्रेन से कुचलकर एक महिला और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतर कर जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान आक्रोशितो ने जहां हाइड्रा क्रेन में जमकर तोड़फोड़ की, वहीं एनएच को भी घंटो जाम कर जमकर हंगामा मचाया।

आक्रोशित स्थानीय लोग मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग पर अड़े थे। सड़क जाम हंगामे की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों को शांत कराया। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

मृतक महिला की पहचान स्थानीय झोपड़पट्टी निवासी बेदमिया देवी के रूप में की गई है। वहीं मृत बच्चे की पहचान झोपड़पट्टी निवासी स्वर्गीय बजरंगी कुमार के 6 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार के रूप में की गई है। सड़क जाम हंगामे की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों को शांत कराया। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

मृतक महिला की पहचान स्थानीय झोपड़पट्टी निवासी बेदमिया देवी के रूप में की गई है। वहीं मृत बच्चे की पहचान झोपड़पट्टी निवासी स्वर्गीय बजरंगी कुमार के 6 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि ठल्र-30 स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल के समीप मेट्रो निर्माण का काम चल रहा है। बताया यह भी जाता है कि बेदमिया देवी और गणेश कुमार हाइड्रा क्रेन के पास ही सोए हुए थे।